
हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



फोटोः संतोष पाण्डेय, जगदलपुर



## कोहरे ने निखारा छग के नियाग्रा का सौंदर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मानसूनी सीजन में रौद्र रूप दिखाने वाला चित्रकोट जलप्रपात अब शांत है। कड़ाके की ठंड के बीच कोहर से ढके छग के नियाग्रा फाल कहे जाने वाले इस जलप्रपात का सौंदर्य निखर गया है। इसका आनंद लेने पर्यटक जलप्रपात के समीप नौका विहार कर ले रहे हैं। इंद्रावती का गिरता जल लोगों को काफी प्रभावित कर रहा हैं। सूर्य की किरणें जब जलप्रपात में पड़ती है, तब बने इन्द्रधनुष का दृश्य काफी मनमोहक लगता है।

आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹91457/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹111700/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹121931/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur

PLASTO
10 Layer PLASTO GOLD
10 YEARS GUARANTEE
Call: 9130031430

### सुकमा जिले के तुमालपाड़ जंगल में हुई मुठभेड़, सुरक्षा बल को मिली बड़ी सफलता

# एएसपी की हत्या का मास्टरमाइंड देवा दो महिला नक्सलियों के साथ मारा गया

*कोंटा के शहीद एएसपी आकांश राव गिरिपुंजे की हत्या की साजिश रचने वाला और आईईडी ब्लास्ट का मास्टरमाइंड कुख्यात माओवादी माड़वी देवा को डीआरजी की टीम ने तुमालपाड़ के जंगलों में हुई मुठभेड़ में मार गिराया। माड़वी देवा कोंटा एरिया कमेटी का जनमिलिशिया कमांडर था, जो लंबे समय से क्षेत्र में आतंक का पर्याय बना हुआ था और कई निर्दोष ग्रामीणों की हत्या में शामिल था।*

हरिभूमि न्यूज:जगदलपुर/ कोंटा

तुमालपाड़ मुठभेड़ में 3 माओवादी कैडरों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। जिनमें 2 महिला माओवादी शामिल हैं। घटनास्थल से 303 राइफल, बीजीएल लॉन्चर सहित कई हथियार, गोला-बारूद, माओवादी दस्तावेज एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक सुकमा किरण चव्हाण ने कहा कि सुकमा जिले के थाना भेज्जी एवं चिंतागुफा के सीमावर्ती तुमालपाड़ के घने जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की पुख्ता सूचना मिलने पर डीआरजी की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। रविवार सुबह शुरू की गई कार्रवाई के दौरान माओवादियों ने फायरिंग की, जिस पर जवाबी कार्रवाई में तीनों माओवादी मारे गए। मुठभेड़ स्थल से 303 राइफल, बीजीएल लॉन्चर, गोला-बारूद, हथियारों के पुर्जे, दैनिक उपयोग की सामग्री व माओवादी दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

■ 303 राइफल बीजीएल लॉन्चर समेत हथियार बरामद




### इस साल 233 नक्सली मारे गए

बस्तर रेंज के आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि बस्तर में माओवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। संगठन की संरचना टूट चुकी है और अब उनकी किसी भी हिंसक चाल या दहशत फैलाने की कोशिश का कोई प्रभाव नहीं रह गया है। सभी सक्रिय माओवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई के परिणामस्वरूप अब तक सेंट्रल कमेटी मेंबर डीकेएसजेड और पीएलए सहित कुल 233 माओवादी मारे जा चुके हैं, जो माओवादी नेटवर्क की निर्णायक कमजोरी को दशार्ता है। क्षेत्र में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, सीआरपीएफ और अन्य बलों द्वारा व्यापक सर्चिंग लगातार जारी है।

### इतना है ईनाम

- **माड़वी देवा-** निवासी पोटानार थाना भेज्जी, जिला सुकमा एरिया जनमिलिशिया कमांडर, स्नाइपर टीम कमांडर, नाम 5 लाख, अनेक नागरिकों की हत्या हमले आईईडी ब्लास्ट की साजिश का आरोप
- **पोडियम गंगी-** निवासी पेद्दापाड़, जिला सुकमा एरिया सीएनएम कमांडर, ईनाम 5 लाख
- **सोड़ी गंगी-** निवासी वेरमगुंडु, थाना किस्टाराम एरिया कमेटी सदस्य, ईनाम राशि 5 लाख

# पीएम मोदी ने की सीएम साय की सराहना, कहा- छत्तीसगढ़ का कर रहे कायाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गुजरात के डेडियापाड़ा में जनजातीय गौरव दिवस के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से छत्तीसगढ़ के जनजातीय समाज, राज्य सरकार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा, देश में जनजातीय समाज की बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व से भारत के विकास की नई पहचान बन रही है और इस दिशा में छत्तीसगढ़ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में जनजातीय समाज से आने वाले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में व्यापक विकास कार्य हो रहे हैं और सभी क्षेत्रों में सकारात्मक दिशा में निर्णायक प्रगति दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, शासन, सेवा और विकास के ▶▶| शेष पेज 6 पर

■ प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए हो रहे कार्य : साय

### यह सम्मान पूरे प्रदेश का मनोबल बढ़ाने वालाः साय

प्रधानमंत्री के इन शब्दों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया सम्मान समूचे छत्तीसगढ़वासियों का मनोबल बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को आधार बनाकर जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्यरत है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन से राज्य में जनजातीय सशक्तिकरण, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका तथा सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय गति प्राप्त हुई है।

### जनजातीय समाज की आकांक्षाओं को साकार करने निरंतर कार्य

अपने संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश की विकास यात्रा को तीव्र गति देते हुए राज्य सरकार 'विकसित छत्तीसगढ़' के निर्माण के माध्यम से 'विकसित भारत' के प्रधानमंत्री के संकल्प की सिद्धि में अपना पूर्ण योगदान देगी। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा, छत्तीसगढ़ सरकार जनजातीय समाज की अस्मिता, स्वाभिमान और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से यह विकास यात्रा और अधिक गतिशील, प्रभावी और व्यापक बनेगी।

## खबर संक्षेप

### आज इस्तीफा देकर नया दावा पेश करेंगे नीतीश



**पटना।** नीतीश कुमार ने कल यानी सोमवार की सुबह कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। बताया जा रहा है कि बैठक में मंत्रिमंडल भंग करने पर मुहर लग सकती है। इसके तुरंत बाद नीतीश कुमार राज्यपाल को इस्तीफा सौंपेंगे। इसके बाद नई सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्रों के अनुसार नीतीश सरकार बुधवार को शपथ ले सकती है।

### टेंपो की ट्रक से भिड़ंत, छह की मौत

**जयपुर।** जोधपुर जिले में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। रविवार तड़के राष्ट्रीय राजमार्ग के जोधपुर-बालेसर खंड पर श्रद्धालुओं को ले जा रहा टेंपो अनाज की बोरियों से भरे ट्रक से टकरा गया। गुजरात के बनासकांठा और धनसुरा इलाके से लगभग 20 तीर्थयात्रियों को लेकर रामदेवरा जा रहे टेंपो को विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

### 470 एकड़ से अधिक क्षेत्र में अफीम की खेती नष्ट

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी जिलों में पिछले कुछ दिनों में कई अभियानों के दौरान 470 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली अफीम की खेती को नष्ट कर दिया गया। मणिपुर पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ के एक संयुक्त दल ने शनिवार को कांगपोकपी जिले के लोइबोल खुल्लेन गांव में 20 एकड़ से अधिक भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट कर दिया।

### दिशा पाटनी के पिता को शस्त्र लाइसेंस

**बरेली।** बरेली की रहने वाली अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी को जिला प्रशासन ने शस्त्र लाइसेंस जारी कर दिया है। ए दिशा पाटनी के बरेली स्थित पैतृक आवास पर एक आपराधिक गिरोह द्वारा गोलीबारी किए जाने के बाद सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक जगदीश पाटनी बरेली के जिलाधिकारी से मिले थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जगदीश पाटनी को सुरक्षा का आश्वासन दिया था।

### खाली सीटों पर स्थानीय छात्रों के लिए बनाया गया था बदलाव का नियम

## एनआरआई की 26 सीटें मैनेजमेंट कोटे में तब्दील, पांच निजी मेडिकल कॉलेजों में 107 का एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खास खबर

एमबीबीएस का मॉपअप राउंड पूरा होने के बाद एनआरआई की रिक्त 26 सीटें प्रबंधन कोटे में परिवर्तित कर दी गई हैं। इस कोटे की पांच निजी मेडिकल कॉलेज में कुल 133 सीटें थीं, जिनमें से 107 पर एडमिशन हो पाया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यूजी प्रवेश के लिए बनाए नियम में इस कोटे की रिक्त सीटों का लाभ स्थानीय विद्यार्थियों को देने नियम बनाया गया था। वहीं ऑल इंडिया कोटे में एडमिशन लेने वाले विद्यार्थियों की जानकारी आने के बाद चंद घंटों में संशोधित मेरिट और आवंटन सूची जारी की गई।

एमबीबीएस और बीडीएस का प्रवेश अपने अंतिम दौर में हैं। स्ट्रे राउंड के माध्यम रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए दोनों पाठ्यक्रम में 114 विद्यार्थियों की आवंटन सूची जारी की गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने शनिवार को पहली लिस्ट जारी की, इसी बीच एमसीसी से ऑल इंडिया कोटे से प्रवेश लेने वालों की जानकारी मिल गई। काउंसिलिंग कमेटी ने आनन-फानन संशोधन कर पुनः सूची का प्रकाशन किया। इस बार निजी मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त सीटों को अनुमति मिली थी, जिससे एनआरआई कोटे की सीटों का भी इजाफा हुआ था। पूर्व में एनआरआई कोटे की सीटें खाली रहने पर उसका आवंटन अन्य कोटे से नहीं किया जाता था, जिसकी वजह से स्थानीय छात्रों को इसका नुकसान होता था। प्रवेश नियम में स्थानीय हित को ध्यान में रखते हुए इसमें ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सजगता से टली परेशानी

चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी और वरिष्ठ अधिकारियों की सजगता की वजह से स्ट्रे राउंड में होने वाली परेशानी टल गई है। पहली आवंटन सूची में उनके नाम भी शामिल थे, जिन्हें अभा. कोटे की सीटें मिली थीं। इससे विवाद की स्थिति बन सकती थी। अधिकारियों ने ऐसे नामों को हटाकर स्ट्रे राउंड का विवाद को होने से पहले ही रोक लिया। इस प्रक्रिया से अधिक छात्रों को आवंटन दिया जा सका एवं पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुसार प्रवेश की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई।

## दुमका में दिल दहला देने वाली वारदात युवती को प्रेमी ने जिंदा जलाया

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले से इस वक्त की एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है। यहां एक शख्स ने अपनी प्रेमिका को जिंदा जला दिया। इस घटना में आरोपी की पत्नी ने भी उसका साथ दिया। पीड़िता की पहचान एक विधवा के तौर पर हुई है, जो युवक के साथ तीन साल से रिश्ते में थी। पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़िता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल घटना के बाद आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि उसकी पत्नी फरार चल रही है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मां ने दर्ज कराई शिकायत

दरअसल, पूरा मामला 13 नवंबर की देर शाम का बताया जा रहा है। यहां दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सीतासाल गांव में पीड़िता को आग लगा दी गई। पीड़िता की पहचान माकू मुर्मू के रूप में हुई है। शिकारीपाड़ा पुलिस थाने के प्रभारी अमित लाकड़ा ने बताया, पीड़िता की मां फूलमणि हंसदा की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का इलाज पश्चिम बंगाल के बर्दवान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहा है।

### पति-पत्नी ने मिलकर लगाई आग

थाना प्रभारी ने बताया कि माकू मुर्मू तीन साल से मोंगला देहरी नामक एक व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी। अधिकारी ने पीड़िता की मां फूलमणि हंसदा की शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि 13 नवंबर को मोंगला देहरी और उसकी पत्नी सीतासाल गांव में माकू मुर्मू के घर गए। वहां उनके और माकू मुर्मू के बीच तीखी बहस हुई। इसके बाद मोंगला देहरी और उसकी पत्नी ने पीड़िता के घर में रखे पेट्रोल को उसके ऊपर डालकर उसे आग लगा दी। उन्होंने बताया कि आरोपी मोंगला देहरी को शनिवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसकी पत्नी फरार है। पुलिस ने आरोपी की पत्नी की तलाश भी शुरू कर दी है।

### झोलाछाप और अंधविश्वास को बताया जा रहा कारण

## बुखार से तीन दिन में एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

झोलाछाप डॉक्टर और अंधविश्वास के कारण मैनपुर में एक परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई। ये मौतें एक-एक दिन में होने से पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया है। गरियाबंद के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के ग्राम धनोरा पंचायत में घटी त्रासदी ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया है। जानकारी के अनुसार सरनाबहार के डमरू धार नागेश के तीन बच्चे 8, 7 और 4 वर्ष की ▶▶| शेष पेज 6 पर



### क्या कहते हैं बीएमओ

मैनपुर स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ गजेन्द्र ध्रुव ने बताया कि बुखार के समय हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, परंतु वे डॉक्टरों के पास ना जाकर बैगा-गुनिया के पास झाड़ फूंक करवाने चले गए। जिससे समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका और तीन बच्चों का मौत हो गई।

### बर्फीली हवाओं ने गिराया पारा

# उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर टूटा 57 साल का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

सरगुजा इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। हिमालय से टकराकर आ रही बर्फीली हवाओं ने तापमान को पिछले 57 सालों के रिकॉर्ड में सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। तापमान में आई भारी गिरावट ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। रविवार को भी सरगुजा का न्यूनतम तापमान सामान्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस कम 6.2 डिग्री पर पहुंच गया है, इसके साथ ही आने वाले दिनों में ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है।



बता दें कि सरगुजा में इन दिनों भीषण शीतलहर की चपेट में है। इन दिनों पश्चिमोत्तर हवा निर्बाध रूप से चल रही है जो हिमालय से टकराकर मध्य भारत, उत्तर भारत के बाद अब विदर्भ तक पहुंच रही है। हिमालय से टकराकर आ रही बर्फीली हवाओं ने पूरे सरगुजा को अपनी चपेट में ले लिया है और उत्तर छत्तीसगढ़ में इसका ज्यादा प्रभाव नजर आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमोत्तर से शुष्क और ठंडी हवा लगातार आ रही है। हवा में नमी की मात्रा कम हो गई है। हवा में नमी की मात्रा 30 प्रतिशत से भी नीचे चली गई है जबकि हवा की आद्रता में भी गिरावट आई है। आद्रता कम होने के कारण भी हवा ठंडी है। बड़ी बात यह है कि आसमान पूरी तरह से साफ है और किसी प्रकार का कोई व्यवधान नहीं है और यही वजह है कि पिछले चार पांच दिनों से न्यूनतम तापमान में गिरावट का क्रम निरंतर जारी है। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान 6.2 सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि पिछले 57 वर्षों के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 21 नवंबर तक की स्थिति में न्यूनतम तापमान सामान्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस कम है।

### सामान्य से नीचे तापमान

शनिवार को अधिकतम तापमान 26.7 व न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री दर्ज किया गया था। ऐसे में 24 घंटे के अंदर न्यूनतम तापमान में 1.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। अगले कुछ दिनों तक आसमान साफ रहने और हिमालय की ओर से बर्फीली हवाओं के निरंतर आने से ठंड का सिलसिला जारी रहने की बात कही जा रही है और फिलहाल लोगों को भीषण शीतलहर का सामना करना पड़ेगा।

राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे वन डे मैच को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस मुकाबले में अब सिर्फ 18 दिन बचे हैं। मैच के टिकटों की बिक्री 18 नवंबर से ऑनलाइन शुरू होगी। इस बार छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने दर्शकों को राहत देते हुए टिकट दरों में कमी की है। खासतौर पर स्टूडेंट्स के लिए टिकट की कीमत 700 से 800 रुपए के बीच रखी गई है, जबकि पिछली बार यह लगभग 1000 रुपए तक थी। अन्य दर्शकों के लिए लोवर और अपर सीट के टिकट 1500 से 2000 के बीच शुरू होंगे, जबकि पवेलियन और कॉर्पोरेट बॉक्स के टिकट 20 हजार रुपए तक जा सकते हैं।

# भारत-साउथ अफ्रीका वनडे की टिकट बिक्री 18 से, इस बार कीमतें पिछले साल से कम

## स्टेडियम में घास कटाई से लेकर स्क्रीन तक का काम शुरू, दर्शकों और खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विशेष टिकट लेने वालों को पिछली बार की तरह इस बार भी कॉम्प्लिमेंट्री फूड की सुविधा दी जाएगी। पिछले मैच में ऑनलाइन टिकट बुकिंग के बाद फिजिकल टिकट लेने के लिए दर्शकों को लंबी लाइन में लगना पड़ा था। इस बार ऐसी परेशानी न हो, इसके लिए टिकट वितरण की नई और सुगम व्यवस्था तैयार की जा रही है, जिससे लोग आसानी से टिकट खरीदकर मैच का आनंद ले सकें। रायपुर वासियों के बीच इस मुकाबले को लेकर जबरदस्त उत्साह है और हर कोई अपने शहर में एक बार फिर इंटरनेशनल क्रिकेट मैच का गवाह बनने को तैयार है।




### टूटी हुई कुर्सियां बदली जाएंगी, रंगरोगन भी होगा

इस बार छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ स्टेडियम को दर्शकों और खिलाड़ियों के लिए अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनाने की दिशा में कई सुधार कर रहा है। टूटी हुई कुर्सियां बदली जाएंगी और सफाई का काम भी शुरू होगा। बारिश के कारण गंदी हुई सीटों की सफाई सोमवार से शुरू होगी। पिछले साल करीब 7500 कुर्सियां बदली गई थीं, इस बार भी कुछ सीटों की मरम्मत और बदलाव होगा। संघ के अनुसार अधिकतर कुर्सियां अभी उपयोग के योग्य हैं। गोल्ड पास वालों को इस बार कुशन वाली सीटों की सुविधा मिल सकती है, वहीं कॉर्पोरेट बॉक्स में भी बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। स्टेडियम को सजाने के लिए रंगरोगन का कार्य भी शुरू किया जाएगा। मैदान से लेकर बाउंड्री वॉल तक नए रंग में रंगे जाएंगे। साथ ही कई इमारतों में पुरानी पेंटिंग्स की जगह अब खिलाड़ियों और क्रिकेट से जुड़ी नई आकर्षक पेटिंग्स बनाई जाएंगी।

### *6 से 7 एमएम तक घास की होगी कटाई*

*स्टेडियम में मैदान की घास की कटाई शुरू कर दी गई है। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ की टीम पिच से लेकर पूरे ग्राउंड को मैच-रेडी बनाने में जुटी है। मैदान के कई हिस्सों में घास छोटी-बड़ी हो चुकी थी, जिसे अब दो मशीनों और मैनुअल तरीके से काटा जा रहा है। ग्राउंड केयरटेकर के अनुसार, इंटरनेशनल क्रिकेट मैच के लिए मैदान की घास की ऊंचाई 6 से 7 एमएम तक रखी जाती है, ताकि गेंद की बाउंस और स्पीड सही बनी रहे। मैदान को पूरी तरह इंटरनेशनल स्टैंडर्ड पर तैयार करने के लिए संघ के ग्राउंड स्टाफ लगातार काम कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### सब्जी खरीदने गई महिला से की गई चेन स्नैचिंग

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने अज्ञात के खिलाफ चेन स्नैचिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मठपुरैना निवासी दुर्गा धीवर ने चेन स्नैचिंग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह बाजार में सब्जी खरीदने के लिए गई थी। इस दौरान मोपेड सवार दो बदमाश दुर्गा के करीब पहुंचे और महिला के गले से झपट्टा मारकर 60 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की सोने की चेन लूटकर फरार हो गए।

### फैक्ट्री कर्मी की ऊंचाई से गिरकर हुई मौत

**रायपुर।** उरला थाना क्षेत्र में एक फैक्ट्री कर्मी की छत पर शीट डालने के दौरान ऊंचाई से गिरने से अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, औद्योगिक क्षेत्र स्थित श्रीराम आर्यन कंपनी में कार्यरत बेमेतरा का मजदूर साहिल बारले (22) की ऊंचाई से गिरने पर मौत हुई है। साहिल तीन माह पूर्व 19 अगस्त को छत पर शीट डालने चढ़ा था। शीट टूटने की वजह से वह ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### छात्र ने बनाया सौर ऊर्जा आधारित मोबाइल चार्जर

**रायपुर।** पं. गिरजाशंकर मिश्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुरा के छात्र ने सौर ऊर्जा पर आधारित मोबाइल चार्जर बनाया है। यह चार्जर आपातकालीन स्थिति या बिजली नहीं होने मोबाइल को चार्ज करने में सहायक होगा। स्कूल के कक्षा दसवीं के छात्र लक्ष्मण देवांगन ने जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय पश्चिम भारत विज्ञान मेला में हरित ऊर्जा पर आधारित मॉडल में यह चार्जर प्रदर्शित किया। लक्ष्मण देवांगन ने बताया कि यह मॉडल सौर ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा के रूप में बदलने के सिद्धांत पर कार्य करता है। इसके माध्यम से सौर ऊर्जा से मोबाइल फोन चार्ज कर सकते हैं। ऐसा करना हमारे पर्यावरण के लिए अनुकूल है। इस सौर चार्जर को पोर्टेबल होने के कारण कहीं भी ले जा सकते हैं। एक बार इसे ले लेने के बाद लम्बे समय तक फोन चार्ज किए जा सकते हैं। इससे मोबाइल के साथ ही ईयरफोन आदि भी चार्ज होते हैं।

### एआईसीसी ने दिल्ली में सोमवार को बुलाई बैठक

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों के नाम पर आज लग सकती है मुहर, बैज-महंत को दिल्ली से बुलावा

कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में जिला अध्यक्षों के नामों पर सोमवार को मुहर लग सकती है। नई दिल्ली में एआईसीसी की एक बैठक होगी, जिसमें शामिल होने नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज दिल्ली जा रहे हैं। प्रदेश प्रभारी तीनों प्रभारी इस बैठक में शमिल होंगे।

## संगठन सृजन अभियान में 9 से 17 अक्टूबर तक 41 जिला अध्यक्षों के नाम तय करने भेजे गए थे पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



संगठन सृजन अभियान के तहत 9 से 17 अक्टूबर तक 41 जिला अध्यक्षों के नाम तय करने एआईसीसी ने पर्यवेक्षक भेजे थे। पर्यवेक्षकों ने 6 नामों का पैनल बनाकर एआईसीसी को सौंप दिया था। एआईसीसी ने प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं से चर्चा कर नामों की शार्ट लिस्टिंग भी की थी। इन नामों को लेकर राहुल गांधी के साथ एआईसीसी महासचिव केसी वेणुगोपाल की चर्चा के बाद नाम लगभग फायनल हो चुके हैं। अब प्रदेश के नेताओं के साथ चर्चा कर उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। बताया गया है कि बिहार चुनाव के बाद कांग्रेस अपने संगठन को मजबूत करने में जुट गई है। छत्तीसगढ़ में 41 जिला अध्यक्षों की नए सिरे से नियुक्ति को लेकर प्रदेश प्रभारी और प्रभारी सचिवों से भी चर्चा होगी।

खास खबर

### एसआईआर पर भी चर्चा

बैठक में संगठन के अलावा प्रदेश में चल रहे एसआईआर अभियान को लेकर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस पहले ही सभी बूथों में बीएलए की नियुक्ति और उनकी ट्रेनिंग पूरी कर चुकी है। सभी जिलों में एसआईआर को लेकर पार्टी अपनी तरफ से समन्वय बनाकर काम कर रही है। एआईसीसी द्वारा इस संबंध में प्रदेश के नेताओं के साथ चर्चा कर दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

**हाईकोर्ट का फैसला** — देर से नियुक्ति के लिए दावा करना इसके उद्देश्य को विफल करता है

# कर्मचारी की मृत्यु के लंबे समय बाद नहीं दी जा सकती अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने कहा है कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य मृतक कर्मचारी के परिवार को तत्काल वित्तीय राहत प्रदान करना होता है। लंबे समय बाद नियुक्ति के लिए दावा करना इसके उद्देश्य को विफल करता है।



कोर्ट ने कहा है कि कर्मचारी की मृत्यु के लंबे समय बाद अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा सकती। याचिकाकर्ता स्मृति वर्मा ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर दायर याचिका में बताया कि उसकी मां विकासखंड शिक्षा अधिकारी गरियाबंद के अधीन सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। नौ दिसंबर 2000 को सेवाकाल के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उस समय वह नाबालिग थी। याचिकाकर्ता ने बताया कि वर्ष 2015 में वयस्क हो गई। 05 अगस्त 2015 को उसने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। विभाग ने 29 अगस्त 2017 के आदेश द्वारा इस आवेदन अस्वीकार कर दिया। शिक्षा विभाग के इस आदेश को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने शिक्षा विभाग के निर्णय को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

### रोजगार के सामान्य नियम का अपवाद

सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती देते हुए स्मृति वर्मा ने डिवीजन बेंच में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने डिवीजन बेंच के समक्ष पैरवी करते हुए कहा, प्राधिकारियों ने 2003 की अनुकंपा नियुक्ति नीति को गलत तरीके से लागू किया। वर्ष 2000 में उसकी मां की मृत्यु के समय लागू नीति 1994 की नीति थी। डिवीजन बेंच ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति रोजगार के सामान्य नियम का अपवाद है। इसका उद्देश्य केवल उस सरकारी कर्मचारी के परिवार की सहायता करना है।

# सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने अर्धनग्न होकर किया प्रदर्शन

## आज देंगे सामूहिक इस्तीफा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर की सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने रविवार को प्रदेश के अलग-अलग संभागों में अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया तथा अपनी लंबित मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराया। 17 नवंबर को वे सामूहिक इस्तीफा देकर विरोध जताएंगे। 4 सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ के 5 संभागों में 15 हजार सहकारी समिति कर्मचारी और 2700 धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संभाग स्तरीय प्रदर्शन कर रहे हैं। एक तरफ राज्य शासन ने जहां सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल को अवैध घोषित करते हुए एस्मा लगा दिया है, वहीं संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की बर्खास्तगी के बाद भी हड़ताली कर्मचारी अपने लंबित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन में डटे हुए हैं। रायपुर संभाग के रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार और महासमुंद जिले के हड़ताली कर्मचारियों ने रविवार को महासमुंद में अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया। संभाग स्तरीय प्रदर्शन का यह उनका 14वां दिन रहा। एक दिन पूर्व उन्होंने संभाग स्तरीय प्रदर्शन में भीख मांगकर विरोध जताया था।

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के आव्हान पर प्रदेशभर की सहकारी समितियों के कर्मचारी और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं।

### प्रमुख मांगें

- धान खरीदी वर्ष 2023-24 और 2024-25 में धान खरीदी के बाद की संपूर्ण सूखत की राशि समितियों को दी जाए
- धान खरीदी में विलंब के लिए प्रत्येक सप्ताह संपूर्ण धान परिवहन सुनिश्चित करने की मांग
- समर्थन मूल्य में धान खरीदी में शार्टेज, प्रोत्साहन, कमीशन और सुरक्षा व्यय बढ़ाया जाए तथा मध्यप्रदेश की तर्ज पर उचित मूल्य विक्रेताओं को 3 हजार प्रतिमाह मानदेय दिया जाए
- आउटसोर्सिंग से कंप्यूटर ऑपरेटर के नियोजन को विलोपित कर सालों से कार्य कर रहे धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटरों का विभाग तय कर नियमित करने की मांग, इसके अलावा सहकारी समितियों के कर्मचारियों के कर्मचारियों को वेतन देने प्रतिवर्ष प्रत्येक समिति को 3-3 लाख रुपए की प्रबंधकीय अनुदान राशि दी जाए

## सीमावर्ती जिले में बनाए गए हैं चेकपोस्ट व टास्कफोर्स

# राज्य में अवैध परिवहन किया जा रहा 19 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारम्भ होने के पूर्व से ही प्रदेश में अवैध परिवहन से आने वाले धान की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पिछले एक नवंबर से 16 नवंबर तक लगभग 19 हजार 320 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इस बार मार्कफेड द्वारा राज्य में अवैध परिवहन के जरिए अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आने वाले धान को रोकने के लिए राज्य के सीमावर्ती जिलों में चेकपोस्ट और कलेक्टर की अध्यक्षता में टॉस्कफोर्स भी बनाई गई है। इसके साथ ही मार्कफेड में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल



सेंटर के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था की सतत निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पूर्व प्रदेश में अवैध धान परिवहन और संग्रहण पर सख्त निगरानी जारी रखते हुए आज दो महत्वपूर्ण कार्रवाईयाँ की गईं। मार्कफेड के इंटीग्रेटेड कंट्रोल सिस्टम से प्राप्त 600 बैग 231.5 क्विंटल अवैध धान संबंधी अलर्ट पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कोंडागांव जिले की टीम ने मौके पर पहुंचकर धान जब्त किया। सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ाए जाने और त्वरित अलर्ट-रिस्पॉन्स सिस्टम की बदौलत अन्य राज्यों से धान की अवैध आमद को रोकने में प्रभावी सफलता मिल रही है। इसी क्रम में, रात्री गश्त के दौरान ग्राम त्रिशूली, थाना सनवाल क्षेत्र में अशोक सिंह पिता रामचरित्र के घर के बाहर बने शेड में दो अलग-अलग स्थानों पर कुल 222 कट्टा धान पाया गया। विवाद की स्थिति को देखते हुए दिन में पुनः तहसीलदार रामचंद्रपुरपुर, थाना प्रभारी सनवाल, महिला पुलिस, तथा मंडी कर्मचारियों की मौजूदगी में विस्तृत जांच की गई।

### महासमुंद में सर्वाधिक व मोहला-मानपुर-चौकी में सबसे कम जब्ती

मार्कफेड द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले एक नवंबर से 16 नवंबर के अवधि में सीमावर्ती विभिन्न जिलों से राज्य में अवैध परिवहन के माध्यम से आने वाले धान में सर्वाधिक महासमुंद जिले में 4266 क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसी प्रकार बलरामपुर जिले में 4139 क्विंटल, सूरजपुर जिले में 1750 क्विंटल, रायगढ़ जिले में 1201 क्विंटल, दंतेवाड़ा में 220 क्विंटल, बस्तर जिले में 218 क्विंटल, सक्ती में 137 क्विंटल, सुकमा में 130 क्विंटल, बालोद में 123 क्विंटल, गरियाबंद में 122 क्विंटल, जांजगीर-चांपा में 119 क्विंटल, कवर्धा में 90 क्विंटल, कोरबा में 85 क्विंटल, रायपुर में 84 क्विंटल, धमतरी में 72 क्विंटल, नारायणपुर में 53 क्विंटल, दुर्ग में 38 क्विंटल, बेमेतरा में 32 क्विंटल, मोहला-मानपुर-चौकी में 27 क्विंटल धान जब्त किया गया हैं।


भावपूर्ण श्रद्धांजली

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च | तस्मादपरिहार्येऽर्थे न त्वं शोचितुमर्हसि ||

जिस समय सत्वगुण बढ़ा हो, उस समय अगर देहधारी मनुष्य शरीर को त्यागता है तो वह पवित्र आत्मा उत्तम लोक में जाती है।

चले गए वे अपने घर से, पर वे दिल से दूर नही हैं। विदा हुए वे दुनिया से, लेकिन वे हम से दूर नही हैं।।

हम जब उन्हें याद करते हैं, वे हमें अपने साथ होने का अहसास दिला जाते हैं।।



जन्म: 09/09/1971 मृत्यु: 06/11/2025

स्व. श्री आलोक त्रिपाठी

अत्यंत दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि श्री मदन मोहन त्रिपाठी के ज्येष्ठ पुत्र श्री आलोक त्रिपाठी का स्वर्गवास दिनांक 06.11.2025 दिन गुरुवार को हो गया हैं।

अतः उनकी आत्मिक शांति हेतु ...

कार्यक्रम

दशगात्र - 15.11.2025 दिन (शनिवार)

द्वादश– 17.11.2025 दिन (सोमवार)

शांति भोज

17.11.2025 दिन (सोमवार) दोपहर 12.30 बजे से 4.00 बजे तक

स्थान- कृष्णा पब्लिक स्कूल, नेहरु नगर भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

शोकाकुल:

मदन मोहन त्रिपाठी एवं समस्त त्रिपाठी परिवार

बिलासपुर
सोमवार 17 नवंबर 2025
अगहन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक: 234
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 26.6
न्यून. 24.4

लोकल टमाटर आने के बाद आमतौर पर टमाटर के दाम बहुत कम हो जाते हैं, लेकिन इस बार एक तो टमाटर की कई हेक्टेयर फसल खराब हो गई है। वहीं पहली बार बंगाल और दिल्ली तक छत्तीसगढ़ के टमाटर जाने के कारण यहां आवक कम होने से दाम आसमान पर चले गए हैं।

*ठंड में दस रुपए भाव बिकने वाले टमाटर के तेवर इस बार गर्म*

# टमाटर की फसल खराब, जो ठीक है उसकी खेप दिल्ली-बंगाल जा रही, इसलिए दाम 50 से 60 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इस समय दाम थोक में 40 रुपए और चिल्हर में 50 से 60 रुपए हो गए हैं। दूसरी सब्जियों के दाम भी तेजी से बढ़े हैं। कुछ दिनों पहले दाम कम थे, लेकिन आवक कम होने के कारण दाम ज्यादा हो गए हैं। लोकल टमाटर की फसल दीपावली के आसपास आती है। इस बार भी यह फसल आई तो पहले कीमत कम रही। ▶▶ शेष पेज 6 पर




### आवक भी कम

बाहर के टमाटर आने बंद हो गए हैं, लोकल टमाटर की आवक भी आधी है, ऐसे में थोक में दाम 40 रुपए हैं। चिल्हर में यह 50 से 60 रुपए में बिक रहा है।
- टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष, डूमरतराई सब्जी मंडी

### कई राज्यों में जा रहा प्रदेश का टमाटर

अब तक प्रदेश का लोकल टमाटर ज्यादा राज्यों में नहीं जाता था, लेकिन बीते साल से यहां के टमाटर कई राज्यों में जाने लगे हैं, ऐसे में शुरुआत में जब आवक कम रहती है तो दाम ज्यादा रहते हैं। इस बार भी शुरुआत में तो दाम कम रहे, क्योंकि बाहर से भी कम कीमत पर टमाटर आ रहे थे। अब जबकि बाहर से टमाटर की आवक बंद हो गई है तो यहां के टमाटरों की ▶▶ शेष पेज 6 पर



### सब्जियों ने भी खाया भाव

दो दिन पहले सब्जियों के दाम कम थे, लेकिन सप्ताह के अंतिम पड़ाव में शनिवार से दाम ज्यादा हो गए हैं। इसी के साथ थोक और चिल्हर में सब्जियों के दाम में भी बहुत अंतर है। फूलगोभी थोक में 50 रुपए और चिल्हर में 70 से 80 रुपए, पत्तागोभी थोक में 20 रुपए, चिल्हर में 40 रुपए, बैंगन थोक में 40 से 50 रुपए और चिल्हर में 60 रुपए, कुंदरू थोक में 50 रुपए, चिल्हर में 60 से 80 रुपए, भिंडी थोक में 80 से 100 रुपए, चिल्हर में 120 रुपए, पालक भाजी थोक में 30 रुपए ,चिल्हर में 60 रुपए, धनिया थोक में 100 रुपए, चिल्हर में 120 से 160 रुपए, कद्दू थोक में 18 से 20 रुपए, चिल्हर में 40 रुपए, लौकी थोक में 20 से 25 रुपए, चिल्हर में 40 रुपए, मेथी थोक में 70 से 80, चिल्हर में 120 रुपए, मुनगा थोक में 100 से 110, चिल्हर में 120 से 160 रुपए, मटर थोक में ही 100 से 120 और चिल्हर में 160 रुपए, गाजर थोक में 30 से 40 रुपए, चिल्हर में 60 से 80 रुपए किलो है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### शाह उत्तरी क्षेत्रीय परिषद बैठक की करेंगे अध्यक्षता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को हरियाणा के फरीदाबाद में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली तथा महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों की त्वरित जांच जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

### सोनभद्र खदान में हादसा मजदूर का शव बरामद

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के एक खनन क्षेत्र में शनिवार शाम को खदान धंसने की घटना के बाद एक मजदूर का शव बरामद किया गया। ओबरा पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में पहाड़ी से गिरे मलबे को हटाने का कार्य शनिवार रात से ही लगातार जारी है।

### वैज्ञानिक जांच के लिए एसआईटी मंदिर पहुंची



**पथनमथिट्टा।** सबरीमला मंदिर से सोना गायब होने के मामले की जांच कर रही एसआईटी रविवार को वैज्ञानिक परीक्षण करने के लिए पहाड़ी मंदिर पहुंची। केरल उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार, यह वैज्ञानिक परीक्षण सोमवार दोपहर एक बजे देव अनुज्ञा (दिव्य अनुमति) अनुष्ठान के बाद किया जाएगा।

### रेस्तरां में आग लगने से कर्मचारी की दम घुटने से मौत

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में तारामंडल बौद्ध संग्रहालय के पास स्थित वाटरवेज रेस्तरां एंड बैंक्वेट में रविवार सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें दम घुटने से एक कर्मचारी की मौत हो गई। आग लगने से अफरा-तफरी मच गई और भारी नुकसान हुआ। पूरी तीन मंजिला इमारत में घना धुआं फैल गया, जो लगभग दो घंटे तक रहा। इस हादसे में गोंडा निवासी पुरुषोत्तम (48) नामक एक सफाई कर्मचारी की अंदर फंसने के बाद दम घुटने से मौत हो गई।

### कोकीन तस्करी, 100 फर्जी खातों पर रोक



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली में कथित मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े धनशोधन के मामले में तलाशी के दौरान 110 बैंक खातों पर रोक लगाई, 70 लाख रुपए जब्त किए और दुबई स्थित क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट का इस्तेमाल होने का पता लगाया। फर्जी बैंक खातों का उपयोग अवैध धनराशि के हस्तांतरण के लिए किया जाता है। इन खातों को वास्तविक ग्राहक आईडी का दुरुपयोग करके या नकली ग्राहक आईडी का उपयोग करके खोला जाता है।

## दिल्ली लाल किला इलाके में मिली बड़ी कामयाबी

# आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर का साथी अमीर गिरफ्तार, इसी के नाम थी कार

*दिल्ली लाल किला इलाके में हुए कार बम धमाके मामले में एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। केंद्रीय एजेंसी ने उस शख्स को गिरफ्तार किया है, जिसने आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकवादी साजिश को अंजाम दिया था। गिरफ्तार आरोपी का नाम आमिर राशिद अली है। धमाके में इस्तेमाल की गई आई-20कार उसी के नाम पर रजिस्टर्ड थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उसे दिल्ली से पकड़ा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/श्रीनगर

धमाके की जांच पहले दिल्ली पुलिस कर रही थी, लेकिन बाद में केस एनआईए को सौंपा गया। केस अपने हाथ में लेने के बाद एनआईए ने बड़ी तलाशी अभियान शुरू किया था, और उसी के दौरान आमिर गिरफ्त में आया। जांच में सामने आया कि आमिर जम्मू-कश्मीर के सांबूरा, पंपोर का रहने वाला है। उसने पुलवामा के उमर उन नबी नाम के शख्स के साथ मिलकर ये हमला प्लान किया था. आमिर दिल्ली इसलिए आया था ताकि उस कार को खरीदने में मदद कर सके, जिसे बाद में धमाके के लिए आईईडी (बम बनाने वाला उपकरण) के तौर पर इस्तेमाल किया गया।

एनआईए ने फोरेंसिक जांच के जरिए उस ड्राइवर की पहचान की है, जो धमाके के वक्त उसी कार में था। उसकी पहचान उमर उन नबी के रूप में हुई है। उमर पुलवामा का रहने वाला था। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी में जनरल मेडिसिन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर था। यानी, जो खुद डॉक्टर था, वही आतंकवादी साजिश में शामिल निकला।

### कश्मीर के सांबूरा, पंपोर का रहने वाला है आई-20 कार का मालिक आमिर

**अब तक क्या-क्या बरामद?**

हाल ही में घटनास्थल से 9एमएम कैलिबर के तीन कारतूस बरामद हुए हैं, जिनमें दो जिंदा और एक खाली खोखा शामिल है। ये कारतूस आम नागरिकों के लिए प्रतिबंधित होते हैं, लेकिन अब तक किसी हथियार का अवशेष मौके से नहीं मिला है। इसी वजह से जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि ये कारतूस वहां कैसे पहुंचे। जांच के दौरान अल फलाह यूनिवर्सिटी से भी कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले है। यहीं पर आरोपी उमर ने कार को कुछ समय के लिए खड़ा किया था और यहां से विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई थी। जांच एजेंसियों के अनुसार, उमर और उसके साथियों ने एक व्हाइट-कॉलर आतंकवादी मॉड्यूल चलाया था, जिसमें मेडिकल फील्ड से जुड़े लोग शामिल थे।



### कई राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय

सरकार की ओर से जारी प्रेस रिलीज में इस हमले में कुल 10 लोगों की मौत बताई गई है। हालांकि, पहले अधिकारियों ने बताया था कि इस धमाके में 13 लोगों की जान गई।

### अभी भी अनसुलझे ये सवाल

सूत्रों के मुताबिक, एनआईए अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी की आतंकियों से संपर्क की अवधि कितनी लंबी थी, वह किस नेटवर्क के संपर्क में था और इस साजिश में अन्य कितने लोग शामिल थे।

### अन्य वाहन जब्त, जांच जारी

एनआईए ने उमर उन नबी की एक और गाड़ी भी जब्त की है। अब उस गाड़ी की भी जांच की जा रही है ताकि और सबूत मिल सकें। अब तक एजेंसी 73 गवाहों से पूछताछ कर चुकी है, जिसमें धमाके में घायल लोग भी शामिल हैं। यह धमाका 10 नवंबर को दिल्ली में हुआ था, जिसने पूरे देश को हिला दिया था।

**एक्शन में जांच एजेंसियां**

### डॉ. प्रियंका से हुई पूछताछ

हरियाणा में रोहतक की रहने वाली डॉ. प्रियंका शर्मा को जम्मू कश्मीर में काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने हिरासत में लिया। प्रियंका से आतंकी माड्यूल में गिरफ्तार डॉ. आदिल अहमद के बारे में पूछताछ की गई। प्रियंका अनंतनाग के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में जनरल मेडिसिन की फाइनल ईयर की स्टूडेंट है। डॉ. आदिल भी इसी मेडिकल कॉलेज में प्रियंका का सीनियर था। पूछताछ के बाद प्रियंका को छोड़ दिया गया। प्रियंका का मोबाइल टीम ने जांच के लिए भेज दिया है। प्रियंका हरियाणा के झज्जर में सरकारी डॉक्टर है। वह एमडी करने के लिए स्टडी लीव पर 2023 से अनंतनाग में रह रही हैं। इनके पति भी भिवानी में सरकारी डॉक्टर हैं।

### दिल्ली में 34 वाहन जब्त



दिल्ली पुलिस ने शनिवार रात को एक बड़ा अभियान चलाया और 34 लावारिस कारें जब्त कीं। मध्य जिला पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उसने राष्ट्रीय राजधानी के प्रमुख इलाकों में आतंकवाद विरोधी उपायों को तेज कर दिया है। रणनीतिक तैनाती को और मजबूत करते हुए संवेदनशील जगहों पर सशस्त्र बलों की संख्या बढ़ा दी है।

## हाईकोर्ट का फैसला, कर्मचारी की मृत्यु के लंबे समय बाद नहीं दी जा सकती अनुकंपा नियुक्ति

*नियुक्ति के लिए दावा करना इसके उद्देश्य को विफल करता है*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने कहा है कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य मृतक कर्मचारी के परिवार को तत्काल वित्तीय राहत प्रदान करना होता है। लंबे समय बाद नियुक्ति के लिए दावा करना इसके उद्देश्य को विफल करता है। कोर्ट ने कहा है कि कर्मचारी की मृत्यु के लंबे समय बाद अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी जा सकती।

याचिकाकर्ता स्मृति वर्मा ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर दायर याचिका में बताया कि उसकी मां विकासखंड शिक्षा अधिकारी गरियाबंद के अधीन सहायक शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। नौ दिसंबर 2000 को सेवाकाल के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उस समय वह नाबालिग थी। याचिकाकर्ता ने बताया कि वर्ष 2015 में वयस्क हो गई। 05 अगस्त 2015 को उसने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। विभाग ने 29 अगस्त 2017 के आदेश द्वारा इस आवेदन अस्वीकार कर दिया। शिक्षा विभाग के इस आदेश को चुनौती देते हुए रिट याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने शिक्षा विभाग के निर्णय को सही ठहराते हुए याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि 15 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद यह उद्देश्य समाप्त हो गया।

### रोजगार के सामान्य नियम का अपवाद

सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती देते हुए स्मृति वर्मा ने डिवीजन बेंच में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने डिवीजन बेंच के समक्ष पैरवी करते हुए कहा, प्राधिकारियों ने 2003 की अनुकंपा नियुक्ति नीति को गलत तरीके से लागू किया। वर्ष 2000 में उसकी मां की मृत्यु के समय लागू नीति 1994 की नीति थी। डिवीजन बेंच ने कहा कि अनुकंपा नियुक्ति रोजगार के सामान्य नियम का अपवाद है। इसका उद्देश्य केवल उस सरकारी कर्मचारी के परिवार की सहायता करना है, जिसकी सेवाकाल के दौरान मृत्यु ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बिहार में बड़ा खेला**

## तेजप्रताप ने किया एनडीए का समर्थन, रोहिणी को जेजेडी में आने का ऑफर



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजनीति में बड़ा खेला हो गया है। लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव ने एनडीए को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। इसके साथ साथ तेजस्वी के खिलाफ मोर्चा खोल चुकीं बहन रोहिणी आचार्या को अपनी पार्टी जेजेडी में आने का ऑफर दिया है। जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) की बैठक में इसका निर्णय लिया गया। रोहिणी आचार्या को पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक पद का प्रस्ताव लाया गया। जेजेडी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम यादव ने यह जानकारी दी। विधानसभा चुनाव में शर्मनाक पराजय और परिवार में बेटे-बेटी के ▶▶ शेष पेज 6 पर

### राजद में नहीं जाएंगे


*तेज प्रताप यादव यह पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि वे किसी भी सूरत में अब राजद में नहीं जाएंगे। वे स्वतंत्र रहकर बिहार की जनता की सेवा करेंगे। बीते दिनों एक मॉल में दोनों भाई आमने सामने आए पर कोई बात नहीं की।*

### आयोग ने राज्यपाल को सौंपी 243 विधायकों की सूची

*बिहार में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद आदर्श आचार संहिता हटा दी गई है। चुनाव आयोग ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को नवनिर्वाचित 243 विधायकों की सूची सौंप दी है। अब बिहार में नए सरकार के गठन की कवायद की जाएगी। बिहार के राज्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि अब राजभवन के द्वारा नई सरकार पर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। दूसरी ओर, आयोग की ओर से अभी तक आचार संहिता हटाने को लेकर आदेश जारी नहीं किया गया है।*

**किसी घर में मेरी जैसी बेटी-बहन पैदा ना हो**

### रोहिणी आचार्य का भावुक पोस्ट



बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार मिलने के बाद तेजस्वी के करीबी संजय यादव को लेकर लालू परिवार में घमासान मच गया है। लालू को किडनी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य ने खुद को पार्टी और परिवार से अलग कर लिया है। रोहिणी आचार्य ने शनिवार के बाद रविवार को एक बार फिर से एक नया पोस्ट किया। लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपने पोस्ट में लिखा, "कल एक बेटी, एक बहन , एक शादीशुदा महिला , एक मां को जलील किया गया, गंदी गालियां दी गयीं, ▶▶ शेष पेज 6 पर

## भारत में जल्द दौड़ेगी बुलेट ट्रेन!




- पीएम मोदी ने सूरत स्टेशन का किया निरीक्षण
- काम में जुटे इंजीनियरों और कर्मचारियों से की बातचीत

**अहमदाबाद।** गुजरात में देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का काम तेजी से पूरा हो रहा है। बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर गुजरात पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। पीएम मोदी ने सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पहुंचे। गुजरात में सूरत और नववारी के बिलिमोरा के बीच ट्रायल रन शुरू होना है। पीएम मोदी से निरीक्षण से पहले रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कई बार दौरा करके प्रोजेक्ट की समीक्षा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री ने अपने दौरे में सूरत बुलेट ट्रेन का बारीकी से निरीक्षण किया।

**तीन ही दिन में कोलकाता टेस्ट गंवाया**

## अपने घर में 15 साल बाद भारत को अफ्रीका से मिली हार



**कोलकाता।** तेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली दक्षिण अफ्रीका ने शानदार वापसी करते हुए भारत को पहले टेस्ट मैच में 30 रन से हरा दिया है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 30 रनों की बढ़त ली थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के दम पर वापसी की और भारत को हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 साल में पहली बार भारत को घरेलू जमीन पर टेस्ट मैच गंवाना ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 2010 के बाद दक्षिण अफ्रीका ने जीता टेस्ट

दक्षिण अफ्रीका के लिए इस टेस्ट मैच में जीत हासिल करना विशेष है। उसने इस मैच से पहले आखिरी बार भारतीय जमीन पर फरवरी 2010 में टेस्ट मैच जीता था। उस वक्त टीम ने भारत को पारी और छह रनों से हराया था। इसके बाद उसने भारत के खिलाफ भारत में आठ टेस्ट मैच खेले जिसमें से भारतीय टीम ने सात मैच जीते, जबकि एक ड्रॉ रहा। लेकिन बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने इस तिलिस्म को तोड़ा और 15 वर्षों का सूखा समाप्त करने में सफल रही।

**नारी शक्ति की उड़ान : पायलट प्रोजेक्ट पर सेना कर रही विचार**

# अब टेरिटोरियल आर्मी में भी शामिल हो सकेंगी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना महिलाओं के लिए एक और नया दरवाजा खोलने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक, आर्मी ने टेरिटोरियल आर्मी की कुछ बटालियनों में महिला कैडर की भर्ती का प्रस्ताव विचार के लिए रखा है। शुरुआत एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर होगी, यानी फिलहाल कुछ ही यूनिट्स में महिलाओं को जगह दी जाएगी। आगे चलकर, नतीजों और अनुभव के आधार पर दायरा बढ़ाया जा सकता है।

सरकार लंबे समय से सशस्त्र बलों में 'नारी शक्ति' पर जोर दे रही है। सेना भी अपने ढांचे में महिलाओं की भूमिका को धीरे-धीरे विस्तार दे रही है।

### टेरिटोरियल आर्मी का वर्तमान स्वरूप

आज टेरिटोरियल आर्मी में करीब 50,000 जवान हैं। इनमें 65 विभागीय इकाइयां (जैसे रेलवे, आईओसी, ओएनजीसी) और कई गैर-विभागीय टेरिटोरियल आर्मी बटालियन शामिल हैं। इसमें इंफैंट्री, होम एंड हार्थ बटालियन, पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी इकोलॉजिकल बटालियन, एलओसी पर बाड़बंदी का रखरखाव करने वाली इंजीनियर रेजिमेंट शामिल हैं।



### युद्ध और अभियानों में अहम भूमिका

'टेरियर्स' यानी टेरिटोरियल आर्मी जवानों ने देश के कई बड़े सैन्य अभियानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, इसमें 1962, 1965 और 1971 के युद्ध, श्रीलंका का ऑपरेशन पवन, पंजाब व जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन रक्षक, पूर्वोत्तर राज्यों में ऑपरेशन राइनो और बजरंग शामिल हैं।

### क्या है टेरिटोरियल आर्मी?

टेरिटोरियल आर्मी को 18 अगस्त 1948 को कानून के तहत स्थापित किया गया था। बाद में भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी ने 9 अक्टूबर 1949 को इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसकी खासियत है, नागरिक सैनिक (सिटिजन सोल्जर) का विचार। यानी ऐसे नागरिक जिन्हें देश की सेवा का जुनून है, लेकिन जो नियमित सेना में शामिल होने की उम्र पार कर चुके हों, उन्हें वर्दी पहनने का मौका मिलता है।

## चिंतन

# करारी हार के बाद लालू परिवार में कलह क्यों बढ़ी

बिहार चुनाव में करारी हार के बाद लालू यादव के परिवार की कलह घर से सड़क पर आ गई है। टकराव इतना बढ़ा कि लालू यादव को अपनी किड़नी देने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से नाता तोड़ने के ऐलान के एक दिन बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर तेजस्वी यादव और संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए। रोहिणी आचार्य के राबड़ी आवास छोड़ने के बाद रविवार को तीन और बहनों रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव भी दिल्ली रवाना हो गई है। ये तीनों बहनें अपने परिवार और बच्चों के साथ चली गई हैं। अब राबड़ी आवास खाली हो गया है। लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप चुनाव से पहले ही तेजस्वी से अलग हो गए थे। हालांकि उन्होंने अपनी पार्टी बनाकर विधानसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन खास सफलता नहीं मिल पाई। अब रविवार सुबह रोहिणी ने एक इमोशनल पोस्ट कर कहा कि मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया। मुझे अनाथ बनाया गया। मैंने रोते-रोते घर छोड़ा है। मुझे मारने के लिए चप्पल उठाई गई। मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। आप सब मेरे रास्ते कभी न चलें, किसी घर में मेरे जैसी बेटी-बहन न हो। इस पोस्ट के बाद रोहिणी ने लालू को किडनी देने वाले फोटो-वीडियोज को फेसबुक पर पिन भी किया। उनके शब्दों से साफ है कि हालात बहुत ज्यादा बिगड़ चुके हैं। ऐसा पहली बार नहीं है कि किसी सियासी परिवार में टकराव हुआ हो। यूपी में 2016 के आखिर में भतीजे अखिलेश यादव ने अपने चाचा शिवपाल यादव को 'साइकिल' से उतारकर पैदल कर दिया था। मुलायम कुनबे में सियासी कलह के चलते अखिलेश को 2017 के चुनाव में खामियाजा उठाना पड़ा था और सपा सत्ता में फिर वापसी नहीं कर सकी। लालू परिवार में जंग से पहले केसीआर के नाम से चर्चित के. चंद्रशेखर राव की पार्टी में कलह खुलकर सामने आ चुकी है। पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी कविता को भाइयों के खिलाफ आवाज उठाने का खामियाजा भुगतना पड़ा है। पार्टी से बाहर किए जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। महाराष्ट्र में बाला साहेब ठाकरे के वारिसों राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे का टकराव भी सबके सामने है। शिवसेना की विरासत को लेकर मतभेद ने उन्हें अलग रास्तों पर ला खड़ा किया। 2006 में उद्धव को कमान सौंपने से खफा होकर राज ठाकरे ने शिवसेना छोड़कर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बना ली। शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार के बीच सत्ता संघर्ष के कारण पार्टी दोफाड़ हो गई। अजित पवार महाराष्ट्र सरकार में शामिल हो गए। रामविलास पासवान की मृत्यु के बाद उनके बेटे चिराग पासवान और भाई पशुपति कुमार पारस के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर संघर्ष किसी से छिपा नहीं है। हरियाणा में देवीलाल की विरासत की जंग में परिवार बिखर गया। बाद में उनके बेटे ओम प्रकाश चौटाला के बेटों अभय चौटाला और अजय चौटाला के बीच पार्टी के नेतृत्व को लेकर खूब कलह हुई। अजय चौटाला ने जजपा का गठन करके भाजपा के साथ सरकार चलाई और भी कितने ही परिवार हैं, जिनमें सत्ता को लेकर टकराव रहा। लालू यादव परिवार की जंग में कुछ अलग नहीं है। हां, हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव में हार के बाद ऐसी कलह दर्द को और भी बढ़ाने वाली जरूर है।

# अब अर्थव्यवस्था की ताकत सेवा क्षेत्र




आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

सेवा क्षेत्र ने पिछले छह वर्षों में 4 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा किए हैं। देश का सेवा निर्यात 14 .8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह वस्तु निर्यात के 9 .8 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि देश के वस्तु निर्यात की चुनौतियों के बीच सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की ताकत बन गया है। हमें सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। ऐसे प्रयासों से देश का सेवा क्षेत्र और सेवा निर्यात रफ्तार से बढ़ेगा और देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलती दिखाई देगी।

हाल ही में प्रकाशित नीति आयोग की सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सेवा क्षेत्र का योगदान 55 फीसदी से अधिक है और लगभग 18.8 करोड़ लोगों या देश के कार्यबल के लगभग 30 फीसदी को रोजगार देता है। रिपोर्ट दर्शाती है कि सेवा क्षेत्र ने पिछले छह वर्षों में 4 करोड़ अतिरिक्त रोजगार पैदा किए हैं। देश का सेवा निर्यात 14.8 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ रहा है। यह वस्तु निर्यात के 9.8 प्रतिशत से कहीं ज्यादा है। ऐसे में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि देश के वस्तु निर्यात की चुनौतियों के बीच सेवा क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की ताकत बन गया है।

गौरतलब है कि देश में बढ़ता हुआ सेवा क्षेत्र बढ़ते हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) का आधार है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का अहम पहलू सेवा निर्यात बन गया है। इनसे न केवल विदेश व्यापार घाटे को थामे रखने में मदद मिल रही है बल्कि इन्नसे देश में रोजगार निर्माण में सहारा मिल रहा है। इस समय भारत सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की ऐतिहासिक ऊंचाई हासिल करते हुए वैश्विक सेवा निर्यात का एक प्रमुख केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से सितंबर 2025 के बीच भारत का सेवा निर्यात 193.18 अरब डॉलर के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया है।

उम्मीद है कि यह इस चालू वित्त वर्ष के अंत तक 475 अरब डॉलर की रिकॉर्ड नई ऊंचाई पर पहुंच जाएगा। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सेवा निर्यात 387.5 अरब डॉलर का ही रहा था। वर्ष 2013-14 में सेवा निर्यात का आकार महज 152 अरब डॉलर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुताबिक भारत ने वैश्विक सेवा निर्यात में 4.3 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ अब दुनिया में सातवां स्थान हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि मुख्य रूप से टेलीकॉम, आईटी और बिजनेस सेवाओं की बदौलत संभव हो पाई है। ये क्षेत्र देश के कुल सेवा निर्यात का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा रखते हैं। इनके साथ-साथ भारत सांस्कृतिक और मनोरंजन सेवा निर्यात में भी आगे हैं। सेवा निर्यात की मौजूदा प्रगति देश में हो रहे सेवा क्षेत्रों में संरचनात्मक सुधारों, तकनीकी विकास और नई पीढ़ी की उच्च कौशल युक्त क्षमताओं के लाभों का परिणाम भी है। गौरतलब है कि सेवा निर्यात के तहत कंप्यूटर नेटवर्क का इस्तेमाल कर अमूर्त सेवाएं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग, बैंकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, पर्यटन, आतिथ्य, शिक्षा, मेडिकल ट्रांसक्रिप्शन, गेमिंग, मनोरंजन, एआई आदि से संबंधित सेवाओं का निर्यात शामिल है। खासतौर से भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। नैसकॉम और जिनोव की ओर से जारी इंडिया जीसीसी, लैडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1800 से अधिक जीसीसी हैं जिनसे 21 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। दुनिया के करीब 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ



भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान 1.5 प्रतिशत से अधिक है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर या जीसीसी जॉब मार्केट में नया चलन है। जीसीसी प्रमुख रूप से आईटी सपोर्ट, कस्टमर सर्विस, फाइनेंस, एचआर और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ध्यान केंद्रित करती हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत में एआई इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं। ऐसे में भारत को सेवा क्षेत्र को मजबूत करते हुए सेवा निर्यात को तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अभी भी भू-राजनीतिक रूप से भारत का सेवा क्षेत्र देश की व्यापक आर्थिक असमानता को ही दर्शाता है। देश में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और तमिलनाडु उच्च मूल्य वाली सेवाओं मसलन सूचना प्रौद्योगिकी, वित्त और अचल संपत्ति में दबदबा रखते हैं। जबकि देश के अधिकांश राज्य अभी भी सेवा क्षेत्र में तुलनात्मक रूप में पीछे बने हुए हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश अपने संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और अर्थव्यवस्था के औपचारिक और शहरीकृत होने के साथ-साथ अभी भी सेवा क्षेत्र में और भी ज्यादा कर्मचारियों को शामिल करने की क्षमता है। सेवा क्षेत्र में लैंगिक यानी स्त्री-पुरुष के अंतर पर भी ध्यान देना जरूरी है। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे। भारत को अपने सेवा निर्यात में विविधता लाने और अन्य उभरते क्षेत्रों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अब हमें सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता कम करके सेवा निर्यात की संभावनाओं वाले अन्य देशों में भी कदम बढ़ाना होंगे। अब हमें नई पीढ़ी को सेवा निर्यात की नए दौर की शिक्षा देने के लिए समुचित निवेश की व्यवस्था करना होगी। हमें नए दौर की तकनीकी जरूरतों और इंडस्ट्री की अपेक्षाओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण से नई पीढ़ी को सुसज्जित करना होगा। भारत की आईटी सेवा कंपनियों को गैर-अंग्रेजी भाषी देशों में कारोबार में आगे बढ़ने के लिए कार्मिकों को संबंधित देशों की भाषाओं में प्रशिक्षण देने पर निवेश किया जाना होगा, ताकि इन देशों के बाजारों तक भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स की पहुंच बनाई जा सके। जहां सेवा निर्यात क्षेत्र के उपक्रमों को संगठित स्वरूप प्रदान करना और गिग कर्मियों तथा छोटे एवं मझोले उपक्रमों से जुड़े लोगों का संरक्षण आवश्यक है, वहीं, महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों के डिजिटल कौशल में निवेश, तकनीक और हरित कौशल को प्रशिक्षण और छोटे एवं मझोले शहरों को नए सेवा क्षेत्र केंद्रों के रूप में विकसित करने के मद्देनजर अहम कदम जरूरी हैं। हमें सेवा निर्यात बढ़ाने के लिए शोध, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मापदंडों पर आगे बढ़ना होगा। हमें देश के कोने-कोने में विशेषतया ग्रामीण और पिछड़े हुए क्षेत्रों में सेवा निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर एआई स्किल्स से जुड़ी प्रोग्रामिक भाषाएं प्रमुख रूप से पायथन, जावा, सी प्लस प्लस, आर और जूलिया में बड़ी संख्या में युवाओं को कुशल बनाने के कई गुना प्रयास करने होंगे। ऐसे प्रयासों से देश का सेवा क्षेत्र और सेवा निर्यात रफ्तार से बढ़ेगा और इससे देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलते हुए दिखाई दे सकेगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पड़ोस

प्रो. आरके जैन



# संवैधानिक संशोधन या सैन्य क्रांति की शुरुआत

पाकिस्तान की संसद ने ऐसा संवैधानिक संशोधन पारित कर दिया है, जिसने देश की सैन्य शक्ति-संरचना और न्यायिक संतुलन को लगभग पूरी तरह नया अर्थ दे दिया है। अनुच्छेद 243 में संशोधन कर 27 नवंबर 2025 से चेयरमैन जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमिटी का पद समाप्त कर सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनिर को 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस' का सर्वोच्च पद सौंपा गया, जो थल, जल और वायु-तीनों सेनाओं पर पूर्ण नियंत्रण रखेगा। मुनिर को आजीवन फील्ड मार्शल (पांच सितारा) रैंक, सम्मान और विशेषाधिकार के साथ-साथ अनुच्छेद 248 के तहत राष्ट्रपति जैसी कानूनी छूट दी गई है, जिसके तहत कोई अदालत, पद पर हों या सेवानिवृत्त, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकती। इन विशेषाधिकारों को हटाने के लिए संसद में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। एक ऐसी बाधा, जो मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में लगभग अजेय है। मुनिर का कार्यकाल 2030 तक बढ़ाकर इस संशोधन ने सैन्य प्रभुत्व को संवैधानिक ढाल प्रदान कर दी है। पाकिस्तान की संसद ने 27वें संवैधानिक संशोधन को ऐसी तीव्र गति से पारित किया कि विपक्ष को विचार-विमर्श का कोई अवसर ही नहीं मिला। 11 नवंबर 2025 को ऊपरी सदन (सिनेट) में यह बिल 64-0 के एकतरफा मत से स्वीकृत हुआ, जबकि निचले सदन (नेशनल असेंबली) में महज चार सांसदों ने इसका विरोध किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के सदस्यों ने बिल की प्रतियां फाड़कर और वॉकआउट करके विरोध जताया, किंतु यह प्रयास केवल प्रतीकात्मक रह गया। इस संशोधन का सबसे गंभीर और चिंताजनक पहलू न्यायपालिका पर इसका सीधा हमला है। संविधान के अनुच्छेद 243 में संशोधन कर एक नई 'फेडरल कांस्टीट्यूशनल कोर्ट' (एफसीसी) की स्थापना की गई है, जो सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर होगी और संवैधानिक मामलों पर सर्वोच्च अधिकार रखेगी। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अदालत के जजों की नियुक्ति प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति करेंगे, वह भी बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया, किसी सुनवाई, किसी स्वतंत्र आयोग, कुछ भी नहीं। संवैधानिक विवाद, संघ और प्रांतों के झगड़े, कानूनों की वैधता, और सलाहकारी राय, सब कुछ अब एफसीसी तय करेगी। सुप्रीम कोर्ट को एक "अपीलीय अदालत" जितना सीमित कर दिया गया है। जहां वह केवल नागरिक और आपराधिक मामलों की समीक्षा भर कर सकेगी। इसके अलावा, एफसीसी को उच्च राजद्रोह के मामलों को मान्य करने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। आलोचकों की नज़र में यह स्पष्ट संकेत है कि सैन्य प्रतिष्ठान के खिलाफ जवाबदेही के रास्ते को व्यवस्थित रूप से बंद किया जा रहा है—ताकि सत्ता के असली धागे जिन हाथों में हैं, वे हाथ कभी कटघरे में न खड़े हों। संवैधानिक विशेषज्ञों ने इसे न्यायिक मौतऱ और ऱसैन्य सर्वोच्चताऱ कहा है। ह्यूमन राइट्स कमीशन ऑफ पाकिस्तान (एचआरसीपी) ने तो इसे साफ-साफ "लोकतंत्र का अंतिम संस्कार" घोषित किया है। यह संशोधन सिर्फ एक कानूनी परिवर्तन नहीं; यह पाकिस्तान के लोकतांत्रिक ढांचे की जड़ों में डाली गई दरार है, जिसकी गूंज आने वाले वर्षों में और भी गहरी सुनाई देगी। पाकिस्तान का इतिहास सत्ता पर सैन्य छायाओं से इतना घिरा रहा है कि लोकतंत्र वहां हमेशा एक अधखुली खिड़की की तरह रहा, कभी खुलने की कोशिश करता, तो कभी किसी ताकतवर हाथ द्वारा फिर से बंद कर दिया जाता। 1947 की आज़ादी से लेकर आज तक के लगभग 78 वर्षों में से आधे से भी अधिक समय देश सीधे सैन्य शासन के पंजों में रहा। अयूब ख़ान, याह्या ख़ान, ज़िया-उल-हक़ और परवेज़ मुशर्रफ़, इन जनरलों की दास्तानें पाकिस्तान की सत्ता-कहानियों में किसी अध्याय की तरह नहीं, बल्कि पूरी किताबों की तरह फैली हुई हैं। सरकार का तर्क है कि अनुच्छेद 243 में बदलाव केवल "प्रक्रियागत स्पष्टता" और "प्रशासनिक संरचना के पुनर्गठन" के लिए हैं, और सेना प्रमुख को एक "राष्ट्रीय नायक" की उपाधि मिलनी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेषकर अमेरिका और यूरोपीय संघ को इसकी निंदा करनी चाहिए, क्योंकि यह न केवल पाकिस्तानी नागरिकों के अधिकारों को कुचलता है बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता को भी खतरे में डालता है। भारत के लिए, यह एक चेतावनी है, पड़ोसी की राजनीतिक गिरावट कभी सुरक्षा की गारंटी नहीं होती। मजबूत सीमाएं, कूटनीतिक सतर्कता और आर्थिक एकीकरण ही सच्चा रास्ता है। पाकिस्तान के लोग, जो लोकतंत्र की आशा में सड़कों पर उतरते रहे हैं, अब एक नए संघर्ष के दहलीज़ पर खड़े हैं, एक ऐसा संघर्ष जहां उनकी आवाज दबाने के लिए संविधान ही हथियार बन गया है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार है, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
## दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

# शांति चाहते हैं तो काम हमेशा ईमानदारी से करें



संकलित
## प्रेरणा

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### उचित जीवनशैली बचाएगी कैंसर से

राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया पहली बार वर्ष 2014 में मनाया गया था। कहा जाता है कि यह नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक मैरी क्यूरी के जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। मैरी क्यूरी को भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में भी नोबेल पुरस्कार दिया गया था, यह रेडियो एक्टिविटी की खोज करने के कारण भी प्रसिद्ध थी। इस दिवस के मनाए जाने का मुख्य कारण लोगों को कैंसर से बचने के तौर तरीकों के प्रति जागरूक करना भी है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। यह ऐसी बीमारी है जिसके बारे में लोगों को तब पता चलता है जब यह व्यक्ति को मौत के करीब ले आती है। बहरहाल, उचित जीवनशैली को अपनाकर हम कैंसर से बच सकते हैं।

–विनोद कुमार साहू, रायपुर

## करंट अफेयर

# मेक्सिको सिटी में 'जेन जेड' के विरोध ने पकड़ा जोर

मेक्सिको में अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जेनरेशन जेड' द्वारा आहूत प्रदर्शन के समर्थन में शनिवार को यहां हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। इस विरोध प्रदर्शन का विपक्षी दलों के विभिन्न आयुवर्ग के लोगों ने भी समर्थन किया।प्रदर्शन में कुछ युवाओं की पुलिस से झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थरों, पटाखों, लाठियों एवं जंजीरों से हमला किया और पुलिस की ढालें एवं अन्य उपकरण छीन लिए। राजधानी के सुरक्षा सचिव पाब्लो वाजक्वेज ने बताया कि 120 लोग घायल हुए हैं जिनमें से 100 पुलिस अधिकारी हैं। इस संबंध में 20 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।



1990 के दशक के अंत और 2010 के प्रारंभ के बीच जन्मे लोगों ने इस वर्ष कई देशों में असमानता, लोकतांत्रिक पतन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रदर्शन किए हैं। नेपाल में हाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के बाद सितंबर में सबसे बड़ा 'जेन जेड' विरोध प्रदर्शन हुआ था जिसके कारण उस देश के प्रधानमंत्री को इस्तीफा देना पड़ा। मेक्सिको में कई युवाओं का कहना है कि वे भ्रष्टाचार और हिंसक अपराधों के लिए दंड से मुक्ति जैसी प्रणालीगत समस्याओं से निराश हैं। युवाओं द्वारा आहूत इस प्रदर्शन में विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हुए।

## ऑफ बीट

# लाफिंग गैस के निरंतर उपयोग से मौत संभव

अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन अमेरिकी नागरिकों को मनोरंजन के लिए नाइट्रस ऑक्साइड उत्पादों के लगातार बढ़ते और संभावित रूप से घातक



उपयोग के बारे में चेतावनी दे रहा है, विशेष रूप से युवाओं के बीच। नाइट्रस ऑक्साइड को आमतौर पर लाफिंग गैस कहा जाता है। 'गैलेक्सी गैस' और 'मियामी मैजिक' जैसे नामों से बेचे जाने वाले ये उत्पाद सस्ते हैं और गैस स्टेशन, बड़े किराना स्टोर और वॉलमार्ट सहित प्रमुख खुदरा दुकानों पर आसानी से उपलब्ध हैं। इन्हें ऑनलाइन भी बेचा जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य मामलों के सहायक प्रोफेसर के रूप में इन उत्पादों का अध्ययन करने के चलते मैं जानता हूं कि ये कितने खतरनाक हो सकते हैं। लाफिंग गैस का मनोरंजन के लिये या अन्य वजहों से निरंतर उपयोग कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, और कुछ मामलों में मृत्यु भी हो सकती है। संभावित नुकसान की एक लंबी सूची : लाफिंग गैस के बार-बार इस्तेमाल से होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों की सूची लंबी है। इसमें स्मृति हानि, मतिभ्रम, सिरदर्द, चक्कर आना, चिड़चिड़ापन, रक्त के थक्के, अंगों की कमजोरी, चलने में परेशानी, आंत्र या मूत्राशय की समस्या, रीढ़ की हड्डी से जुड़ी समस्या और मस्तिष्क क्षति शामिल हैं।

## ट्रेंड

### उद्यम की भावना



आज बिहार में हर तरफ विकास की ललक साफ नजर आती है। मैंने कई अवसरों पर यह महसूस किया है कि यहां के मेरे भाई-बहनों में उद्यम की भावना काफी प्रबल है, जिससे पता चलता है कि बिहार के लोग क्यों दुनियाभर में छाए हुए हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गुमनाम नायक



हमारी सरकार ने उन गुमनाम नायकों को भी सामने लाने का कार्य किया है, जिनके योगदान ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उनके बलिदान और संघर्ष का स्मरण और सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उत्तर प्रदेश में पासी समाज के वीरों, वीरांगनाओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री


### परिणाम की समीक्षा करेंगे



बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### मजबूत नींव



आज जब हम नई सड़कें बना रहे हैं, स्कूलों और अस्पतालों को बेहतर बना रहे हैं तो यह सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मजबूत नींव खड़ी हो रही है।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# भागवत बोले- हिंदू भारत का प्राण, तभी हो रही उसे तोड़ने की कोशिश

## आरएसएस सरसंघचालक ने जयपुर में सद्भाव बैठक को किया संबोधित

एजेंसी ▶▶| जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने जयपुर में संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू भारत का प्राण है, इसलिए भारत को तोड़ने की कोशिश करने वाले लोग हिंदुओं को तोड़ना चाहते हैं। आज ड्रग्स का जाल फैलाया जा रहा है। इसके पीछे जो ताकतें हैं वो भारत को दुर्बल बनाना चाहती हैं। उन्होंने ये भी कहा कि सद्भावना भारत का स्वभाव है। नियम और तर्क के आधार पर समस्याएं ठीक नहीं हो सकती, इसके लिए सद्भावना चाहिए और हमें यही काम करना है।

### स्वार्थ भावना यह दुनिया का स्वभाव

भागवत ने अपने संबोधन में कहा कि स्वार्थ भावना यह दुनिया का स्वभाव है। स्वार्थ भावना के आधार पर दुनिया को सुखी करने का प्रयास 2 हजार साल से चल रहा है और विफल हो रहा है क्योंकि स्वार्थ सबका भला नहीं कर सकता। जिसमें ताकत है वो अपना स्वार्थ साध लेता है, उसके मन में कोई संवेदना नहीं रहती। स्वार्थ तो परस्पर विरोधी होता ही है।

> स्वार्थ सबका भला नहीं कर सकता जिसमें ताकत है वो अपना स्वार्थ साध लेता है, उसके मन में कोई संवेदना नहीं रहती



### सरसंघचालक ने हिंदुओं को चेताया

बता दें कि सरसंघचालक मोहन भागवत ने मालवीय नगर स्थित पाथेय कण संस्थान के नारद सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''समाज को बचाना है तो उसका प्रबोधन करना आवश्यक है। कुछ शक्तियां ऐसी हैं जो भारत को आगे बढ़ना नहीं देना चाहती हैं। हिंदू भारत का प्राण है, इसलिए भारत को तोड़ने का प्रयास करने वाले हिंदुओं को तोड़ना चाहते हैं।''

### 'पंच परिवर्तन' पर क्या बोले भागवत?

*मोहन भागवत ने कहा कि पंच परिवर्तन का कार्यक्रम हमने दिया है। बहुत सरल कार्यक्रम है। यह समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, जागरण और नागरिक कर्तव्य का कार्यक्रम है। परिवार में आत्मीयता होती है तो ड्रग और लव जिहाद जैसी बातें हमेशा दूर रहती हैं। हमें पर्यावरण के लिए छोटी-छोटी बातें करनी हैं, पानी बचाओ, सिंगल यूज प्लास्टिक हटाओ और पेड़ लगाओ।*

#### आचरण को लेकर दी सलाह

*उन्होंने कहा कि सद्भावना के आधार पर ये बातें समाज के आचरण में लानी हैं, यह तब आएंगी जब पहले हम इसे अपने आचरण में लाएंगे। सब में सम्मान, प्रेम और आदर रहेगा तो सारे संकट समाप्त हो जाएंगे। जान लें कि इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल, प्रदेश के विभिन्न समाजों के पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### सबरीमला मंदिर के कपाट खुले, श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

**पथनमथिट्टा।** केरल के सबरीमला में भगवान अयप्पा मंदिर के कपाट



वार्षिक मंडलम-मकरविलक्कु तीर्थयात्रा की शुरुआत से पहले रविवार शाम खोल दिए गए। करीब दो महीने से भी लंबा यह तीर्थ सत्र सोमवार से शुरू होगा, जो मलयालम महीने 'वृश्चिकम' का पहला दिन है। रविवार शाम कपाट खुलते ही मंदिर परिसर, यात्रा मार्ग और आधार शिविरों में भारी भीड़ देखी गई। इस वर्ष की तीर्थयात्रा में दुनिया भर से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।

### महिला की हत्या के आरोप में उपनिरीक्षक गिरफ्तार

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के मौदहा क्षेत्र में पुलिस ने हाल में एक



महिला की हत्या के मामले में एक पुलिस उपनिरीक्षक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मौदहा क्षेत्र में पुलिस ने 13 नवंबर की रात को किरण नामक एक महिला का शव बरामद किया था। पुलिस ने जांच के बाद महोबा पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय में तैनात दारोगा अंकित यादव को गिरफ्तार किया। उसने स्वीकार किया कि किरण से उसके अवैध संबंध थे। वह शादी के लिए दबाव बना रही थी इसी विवाद में उसने किरण की हत्या कर दी।

### जयंत चौधरी फिर रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**मथुरा/लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी मथुरा में आयोजित



राष्ट्रीय लोक दल के अधिवेशन में एक बार फिर निर्विरोध पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। चौधरी ने इस अवसर पर विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, /"हम राजग के साथ मजबूती से खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। आज विपक्ष के पास परिवार तो है लेकिन नेता या नीति नहीं है इसलिए विपक्ष विफल हो रहा है। यूपी विधानसभा में रालोद के नौ विधायक हैं जबकि प्रदेश विधान परिषद में पार्टी का एक सदस्य है।

## बिहार में सरकार बनाने की कवायद तेज, 19-20 को हो सकता है शपथ ग्रहण

# सरकार का फार्मूला, भाजपा 15, जदयू 14 एलजेपी 3 व बाकी को मिलेगा 1-1 मंत्री पद

एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में नई सरकार बनाने की तैयारी चल रही है। गठबंधन दलों के बीच बैठकों का दौर जारी है, जिसमें कैबिनेट में किस दल का दबदबा रहेगा और मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस पर चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री पद के लिए कई नेता अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं लेकिन नीतीश कुमार ही इस बार भी सीएम पद की कुर्सी संभालेंगे यह तय है। फिलहाल सबकी निगाहें सरकार गठन पर टिकी है। माना जा रहा है कि नई सरकार 19 या 20 नवंबर को शपथ ले सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार कैबिनेट में भारतीय जनता पार्टी को ज्यादा स्थान मिलेगा, जबकि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे। एनडीए की बैठक में 6 विधायकों में एक मंत्री पद का फॉर्मूला तय हुआ, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की।



### आज भंग की जाएगी कैबिनेट

चुनाव आयोग रविवार को 18वीं बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को सौंप दिए हैं। आज सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निवर्तमान 17वीं विधानसभा को भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए कैबिनेट की बैठक करेंगे। इसके बाद वे राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौपेंगे। विधायक दल की बैठक में गठबंधन का नेता चुना जाएगा, जो राज्यपाल से मिलेगा।

### भाजपा और जेडीयू सहित किसके कितने मंत्री

*जानकारी के अनुसार, नई सरकार में भाजपा से 15-16 मंत्री शामिल किए जा सकते हैं। वहीं, जेडीयू के करीब 14 मंत्रियों को कैबिनेट में जगह दी जाएगी। बिहसा चुनावों में भाजपा 89 सीट, जबकि जेडीयू 85 सीट जीती है। लोक जनशक्ति पार्टी ने 19 सीटें जीती हैं और उसे तीन मंत्री पद मिल सकते हैं। वहीं जीतन राम मांझी की हिंदुस्तान आवाम मोर्चा 5 सीटों में जीत दर्ज की है। उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिसे 4 सीटें मिली, इन दोनों पार्टियों को एक-एक मंत्री पद मिलने की संभावना है। शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम सहित अन्य दिग्गजबिहार के विधानसभा चुनाव प्रचंड जीत हासिल करने वाली भाजपा नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का शपथ ग्रहण समारोह 19 या 20 नवंबर को हो सकता है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, शपथ ग्रहण पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में होगा, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। अभी तारीख का आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए यह तारीख सुझाई गई है।*

### भाजपा व लोजपा के हो सकते हैं डिप्टी सीएम

बता दें कि चुनाव से पहले भाजपा ने एनडीए की ओर नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री बनाने की बात कही थी। इस बार नीतीश का अंतिम कार्यकाल माना जा रहा है, ऐसे में बागडोर उन्हीं को दी जा सकती है। उपमुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में भाजपा लोक जनशक्ति पार्टी के नेता चिराग पासवान को आगे कर सकती है, जो अभी केंद्र में खाद्य और प्रसंस्करण मंत्री हैं। इसके अलावा एक उपमुख्यमंत्री पद भाजपा खुद रखेगी।

### तेजस्वी आज करेंगे समीक्षा बैठक

सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव आज अपने सरकारी आवास पर पार्टी को मिली हार की समीक्षा करेंगे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष भी चुना जाएगा। चुनाव में हारे हुए सभी उम्मीदवारों को तेजस्वी यादव बुलाकर उनसे मुलाकात करेंगे। परिवार में हो रही अंतर्कलह के बीच आज तेजस्वी यादव अपनी पार्टी के नेताओं से आज सुबह 11 बजे एक पोलो रोड स्थित अपने सरकारी आवास पर बैठक करेंगे।



### कांग्रेस बोली- 'वोट चोरी' का 2 हफ्ते में देंगे सबूत

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने शनिवार को एक बार फिर निर्वाचन आयोग की भूमिका पर सवाल खड़े किए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर राहुल गांधी ने शीर्ष नेताओं के साथ चुनाव परिणाम को लेकर लंबी मंत्रणा की।मुख्य विपक्षी दल ने कहा, ये चुनाव परिणाम अविश्वसनीय है और कुछ हफ्ते में वह सबूत सामने रखेगा। मंथन में कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, पार्टी कोषाध्यक्ष अजय माकन और पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू भी मौजूद रहे।

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की साजिश नाकाम

# पंजाब से ग्रेनेड हमला मॉड्यूल का पर्दाफाश

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हमले के एक नेटवर्क का पर्दाफाश कर इस सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया। राज्य के डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि आरोपी पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए ग्रेनेड हमला करने हेतु पाकिस्तान स्थित आकाओं के संपर्क में थे। गौरव यादव ने बताया कि आरोपियों में से तीन की पहचान कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह उर्फ अजय के रूप में हुई है और वे सभी श्री मुक्तसर साहिब के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए विशेष टीमें गठित की गईं।

### 10 गिरफ्तार



### चीनी ग्रेनेड भी बरामद

उन्होंने बताया कि अमरीक सिंह, परमिंदर उर्फ चिरी, विजय, सुखजीत सिंह उर्फ सुख बराड़, सुखविंदर सिंह, करणवीर सिंह उर्फ विक्की और साजन कुमार उर्फ संजू को सहायक के तौर पर उनकी भूमिका के लिए अलग-अलग जेलों से पेशी वारंट पर लाया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक चीनी ग्रेनेड भी बरामद किया है।

### मलेशिया से ग्रेनेड की आपूर्ति

प्रारंभिक जांच से पता चला कि आरोपी ग्रेनेड की आपूर्ति करने के लिए समन्वय स्थापित करने हेतु मलेशिया स्थित तीन गुर्गों के माध्यम से पाकिस्तान स्थित संचालकों के संपर्क में थे। डीजीपी यादव ने बताया कि आरोपियों को राज्य में अशांति पैदा करने के लिए आबादी वाले इलाके में ग्रेनेड हमला करने का काम सौंपा गया था।

### कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

लुधियाना के पुलिस आयुक्त स्वप्न शर्मा ने बताया कि विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर जोधेवाल थाने में संदिग्धों कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस टीमों ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ 'रेड कॉर्नर' नोटिस जारी किया गया है।

# संघ कार्यकर्ता की हत्या, पिता बोले- अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶| फिरोजपुर

पंजाब के फिरोजपुर में शनिवार को दो अज्ञात हमलावरों ने आरएसएस कार्यकर्ता की तब गोली मारकर हत्या कर दी जब वह अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान नवीन अरोड़ा के रूप में हुई है जो कि पारिवारिक रूप से आरएसएस से जुड़े थे। फिरोजपुर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और हमलावरों को पकड़ने के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। मृतक के पिता ने कहा कि जब तक मेरे बेटे के हत्यारे पकड़े नहीं जाते, तब तक उसका अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। भाजपा की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ ने कहा कि इस हत्या ने आम आदमी पार्टी की सरकार के राज में एक बार फिर कानून व्यवस्था की पोल खोल दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि गैंगस्टर प्रभावी रूप से सरकार चला रहे हैं, जबकि मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी जिम्मेदारियां निभाने में विफल रहे हैं।

■ **फिरोजपुर में वारदात : आरोपियों को पकड़ने टीमें सक्रिय**

### पिता ने कहा- गैंगस्टरवाद खत्म किया जाए

आरएसएस नेता तथा मृतक के पिता बलदेव राज अरोड़ा के घर में मातम पसरा है। पीड़ित पिता ने आप विधायक रणबीर सिंह भुल्लर से कहा कि मेरा बेटा तो चला गया लेकिन दूसरों के बेटों व अन्य लोगों को बचा लो। फिरोजपुर में आए दिन गोलियां चल रही हैं। इस गैंगस्टरवाद को खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक मेरे बेटे के हत्यारे पकड़े नहीं जाते, तब तक उसका अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

### घर जाते वक्त मारी गईं गोलियां

यह वारदात शनिवार की है। मृतक नवीन के पिता बलदेव राज अरोड़ा पिछले कई वर्षों से आरएसएस से जुड़े हैं। वे अपनी दुकान से डॉ. साधु चंद चौक के पास स्थित घर जा रहे थे। इस दौरान मोटर साइकिल पर सवार दो हमलावर वहां आए और नवीन पर नजदीक से गोलियां चलाकर मौके से फरार हो गए। नवीन को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य भी हुए शामिल

# हिंदू जाग गया है, दिल्ली से कश्मीर तक निकालेंगे हिंदू एकता पद यात्रा

एजेंसी ▶▶| मथुर

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हिंदू एकता पदयात्रा के अंतिम दिन जगद्गुरु रामभद्राचार्य भी शामिल हुए। वृंदावन के चार धाम में यात्रा के समापन के कार्यक्रम में रामभद्राचार्य ने कहा कि बहुत जल्दी हम दिल्ली से कश्मीर तक की हिंदू एकता पदयात्रा निकालेंगे। हिंदू जाग गया है, दिल्ली से कश्मीर तक की हिंदू एकता पद यात्रा निकालेंगे जिसमें वह स्वयं पूरे समय उपस्थित रहेंगे। बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा आज अपने 10वें और अंतिम दिन भव्य रूप से संपन्न हुई। इस 10 दिवसीय पदयात्रा के दौरान लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. वृंदावन के चार धाम में यात्रा के समापन के कार्यक्रम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य भी शामिल हुए।



### 'हिंदुओं को जागरूक होना पड़ेगा'

राम भद्राचार्य ने कहा कि सरकार पर हमें दबाव डालना पड़ेगा कि वो जल्दी ही समान नागरिक संहिता लागू करें। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि भारत में जो भी हिंदू बनना चाहेगा हम उसको हम हिंदू बनाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी संतों को भी एकजुट होना पड़ेगा और हिंदुओं को जागरूक होना पड़ेगा।

### 'आतंकवादियों को उचित प्रसाद मिलेगा'

उन्होंने कहा कि हमारे शब्दकोश से अब माफ़ी का शब्द खत्म हो गया है और अब अधर्मियों को दंड देने का समय है। दिल्ली के लाल के पास हुए विस्फोट का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जो लाल किला के पास हुआ उसका उचित प्रसाद जल्दी ही आतंकवादियों को मिलेगा।ष्इस दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने हिंदुओं से अपनी जनसंख्या बढ़ाने के लिए भी कहा।

### अब लगेगा ओम क्रांति क्रांति, क्रांति का नारा

पद यात्रा के समापन कार्यक्रम में जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा 'हिंदू जाग गया है- बहुत हो गया ओम शांति शांति शांति का नारा- अब बोलो ओम क्रांति क्रांति क्रांति। उन्होंने कहा कि अब ओम शांति बंद करो, ओम क्रांति क्रांति क्रांति शुरू करो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिन्दू कन्या झांसी की रानी बनेगी।

## अदालत ने किया साफ इनकार, कहा- पति से लेना होगा तलाक

# दूसरे व्यक्ति के साथ रह रही विवाहिता को नहीं मिलेगी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अन्य व्यक्ति के साथ रह रही शादीशुदा महिला और उसके साथी को सुरक्षा देने से साफ इनकार कर दिया है। अदालत ने पाया कि महिला पहले से शादीशुदा है। अदालत ने कहा कि एक व्यक्ति की स्वतंत्रता दूसरे व्यक्ति के कानूनी अधिकार का अतिक्रमण या उससे अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती। अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत पहले से ही विवाहित और कानून का पालन करने वाला कोई भी व्यक्ति एक अवैध संबंध के लिए इस अदालत से सुरक्षा की मांग नहीं कर सकता। इस मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि पति या पत्नी को अपने जीवनसाथी के साथ रहने का अधिकार है। कोर्ट पहुंची महिला और उसका साथी दोनों ही सुरक्षा चाहते हैं। इसको लेकर दोनों ने याचिका दायर की है।



### महिला और उसके साथी ने सुरक्षा की मांग की

*अदालत ने कहा कि इसलिए एक व्यक्ति की स्वतंत्रता दूसरे व्यक्ति के कानूनी अधिकार का अतिक्रमण नहीं कर सकती। इस मामले में महिला और उसके साथ रह रहे व्यक्ति ने पुलिस और महिला के पति को उनके शांतिपूर्ण जीवन में हस्तक्षेप करने से रोकने और उन्हें सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग करते हुए अदालत का रुख किया था।*

### पति से लेना होगा तलाक- कोर्ट

उत्तर प्रदेश सरकार के वकील ने इस याचिका का यह कहते हुए विरोध किया कि महिला पहले से ही कानूनी रूप से विवाहित है और उसने अपने पति से तलाक नहीं लिया है। इस पर अदालत ने कहा कि यदि महिला का अपने पति से कोई मतभेद है तो सबसे पहले उसे कानून के मुताबिक अपने पति से तलाक लेना होगा। अदालत ने सात नवंबर को दिए अपने निर्णय में कहा कि पुलिस को सुरक्षा देने का निर्देश देना अप्रत्यक्ष रूप से अवैध संबंधों को सहमति देना हो सकता है।

### महिला और उसके साथी ने दायर की याचिका

न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने सोनम नामक महिला और उसके साथी द्वारा दायर की गयी रिट याचिका खारिज करते हुए कहा कि यद्यपि कोई भी व्यक्ति दो वयस्क व्यक्तियों के जीवन में हस्तक्षेप नहीं कर सकता, लेकिन स्वतंत्रता का अधिकार या निजी आजादी का अधिकार पूर्ण अधिकार नहीं है। हर एक व्यक्ति का अधिकार वहां समाप्त होता है, जहां दूसरे व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार प्रारंभ होता है।

**अपने जीवनसाथी के साथ रहने का अधिकार- कोर्ट :** अदालत ने कहा कि पति या पत्नी को अपने जीवनसाथी के साथ रहने का अधिकार है और उसे निजी स्वतंत्रता के लिए उस अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता तथा उसके संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन कर उसके जीवनसाथी को ऐसी कोई सुरक्षा नहीं दी जा सकती।

## पीड़िता को मिला न्याय

# छात्रा से दुष्कर्म के दोषी शिक्षक नेता को आजीवन कारावास

एजेंसी ▶▶| कन्नूर

केरल के कन्नूर जिले के पलाथाई में एक चौथी कक्षा की छात्रा के यौन उत्पीड़न के मामले में थलास्सेरी फास्ट-ट्रैक अदालत ने बीजेपी नेता और शिक्षक के. पद्मराजन को मृत्यु तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोषी पद्मराजन, मुंडथोड, कडवाथुर में भाजपा थ्रिप्पनगोट्टूर पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष थे और वह संघ परिवार शिक्षक संगठन नेशनल टीचर्स यूनियन के जिला नेता भी रहे हैं। यह मामला काफी विवादास्पद रहा था, क्योंकि

### क्या था पूरा मामला

जनवरी और फरवरी 2020 के बीच छात्रा का स्कूल के शौचालय और बाद में एक घर में यौन उत्पीड़न किया गया था। शिक्षक के खिलाफ शिकायत थलास्सेरी डीएसपी को सौंपी गई थी। हालांकि, शुरुआती पुलिस जांच में शिकायत को झूठा पाया गया था।आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न होने पर कड़ा विरोध हुआ, जिसके बाद छिपे हुए पद्मराजन को 15 अप्रैल 2020 को गिरफ्तार किया गया और इसके बाद जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई।

जांच टीम को पांच बार बदला गया था और अंतरिम चार्जशीट में पॉक्सो अधिनियम की धाराएं नहीं लगाई गई थीं।

## रेलवे स्टेशन पर सीआईएफ-एनएसजी कमांडो की सुरक्षा जांच, अपराधियों को पकड़ने सिखाए स्मार्ट तरीके



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीआईएफ और एनएसजी कमांडोज के साथ आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त जांच अभियान चलाया। इस दौरान विशेष टीमों ने जांच के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी, ताकि संदिग्ध गतिविधियों और अपराधियों की पहचान आसानी से की जा सके। पोस्ट प्रभारी कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि जांच अभियान के तहत स्टेशन परिसर से लेकर पार्सल ऑफिस तक सघन निरीक्षण किया गया। हालांकि इस दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई। सीआईएफ टीम ने बैग जांच मशीन पर हथियारों की पहचान का डेमो दिया और आरपीएफ को जांच का सही तरीका समझाया। उन्होंने बताया कि जांच करते समय सामान की आकृति पर विशेष ध्यान देना चाहिए और किसी भी वस्तु पर संदेह होने पर तुरंत गहन जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अलावा टीम ने मशीन में बैग रखने के सही तरीके से लेकर कंप्यूटर स्क्रीन पर दिखाई देने वाली आकृतियों को समझने की बारीकियां भी साझा कीं, ताकि कोई संदिग्ध व्यक्ति सुरक्षा जांच को चकमा न दे सके। दिल्ली धमाके के बाद आरपीएफ अलर्ट मोड में है।

- विशेष टीम ने मशीन पर हथियारों की पहचान का दिया डेमो, स्टेशन परिसर से लेकर पार्सल ऑफिस तक सघन निरीक्षण

### एनएसजी कमांडोज ने बताए सुरक्षा जांच के रणनीतिक तरीके

रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान के दौरान एनएसजी कमांडोज ने आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों को संदिग्धों की पहचान के लिए विभिन्न जांच तकनीकों की जानकारी दी। कमांडोज ने बताया कि स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थानों पर जांच का तरीका एक जैसा नहीं होना चाहिए, बल्कि परिस्थितियों और लोकेशन के अनुसार उसमें बदलाव किया जाना चाहिए। एनएसजी टीम ने प्लेटफार्म, रेलवे ट्रैक, ट्रेनों, पार्सल एरिया, वेटिंग हॉल और यात्रियों की आवाजाही वाली जगहों पर बारीकी से जांच की। उन्होंने बताया कि कई बार अपराधी समान रास्तों से नहीं आते, इसलिए जांच के तरीके भी रणनीतिक होने चाहिए। इसके अलावा, डॉग स्क्वॉड की भूमिका और उसे प्रभावी तरीके से कैसे इस्तेमाल किया जाए, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गई। कमांडोज ने समझाया कि कैसे छोटी-छोटी गतिविधियों को नजरअंदाज करने से खतरा बढ़ सकता है, इसलिए हर संदिग्ध गतिविधि की गहराई से जांच जरूरी है।

### पटरी पार और चेन पुलिंग के मामलों पर सख्ती

जनवरी से अब तक रेलवे सुरक्षा बल ने 6 हजार से अधिक मामलों में कार्रवाई की है। इनमें सबसे ज्यादा 1700 मामले अवैध रूप से पटरी पार करने वालों के रहे। वहीं चेन पुलिंग के 400 से अधिक मामलों में भी जुर्माना और कार्रवाई की गई है। इसके अलावा स्टेशन परिसर के नो पार्किंग जोन में वाहन खड़े करने पर 1900 से अधिक लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

## बजट 2026-27 के लिए मंगाए गए प्रस्ताव, अनुदान और ऋण की राशि बताएं अलग-अलग

# छग के नए बजट में 5 फीसदी की वृद्धि संभव, नवा अंजोर और सतत विकास पर होगा फोकस

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के नए बजट 2026-27 में पिछले साल के बजट के मुकाबले आकार में पांच प्रतिशत की वृद्धि संभावित है। यह बजट अंजोर विजन और सतत विकास लक्ष्यों पर केंद्रित होगा। सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों, सभी अपर मुख्य सचिव, सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को नया बजट बनाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वित्त विभाग ने बताया कि बजट किस प्रकार बनाया जाना चाहिए। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-2026 के पुनरीक्षित अनुमान तथा वर्ष 2026-2027 के बजट प्रस्ताव भेजने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

वित्त विभाग ने सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से कहा है कि बजट प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में ही भेजा जाए। मांग संख्या, मुख्य शीर्ष उपमुख्य शीर्ष, लघु शीर्ष, योजना कमांक, उद्देश्य शीर्ष एवं विस्तृत शीर्ष के अनुकम में प्रस्ताव प्रेषित किए जाए तथा लघु शीर्षवार एवं योजनावार योग किया जाए। बजट प्रस्ताव के साथ औचित्य प्रतिपादित किया जाए। सरकार जब भी नया बजट बनाने की तैयारी करती है, उसमें सबसे बड़ा विषय सरकार की नई योजनाओं खासकर अधिक खर्च वाली योजनाओं को लेकर होता है। इसे देखते हुए कहा गया है कि नवीन व्यय के मद को बजट प्रस्ताव में पृथक से भेजा जाए। राजस्व व्यय एवं पूंजीगत व्यय का सही वर्गीकरण दर्शाया जाए।



बजट प्रस्ताव तैयार करते समय विभाग अपने लघु अवधि के लक्ष्य, मध्यम अवधि के लक्ष्यों व दीर्घकालिक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए परिणाम आधारित बजट तैयार करें। विभाग विशेष रूप से यह सुनिश्चित कर ले कि विभागीय योजनाएं छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 2047 तथा सतत विकास लक्ष्यों (2030) की पूर्ति हेतु सहायक हो। इन लक्ष्यों के पूर्ति हेतु विभाग आवश्यकतानुसार नवीन योजनाओं को भी प्रस्ताव में शामिल करें। साथ ही ऐसी योजनाओं, जिनके लक्ष्यों में दोहराव हो, उनका एकीकरण करते हुए योजनाओं की संख्या सीमित की जाए।

विभागों से कहा गया है कि बजट के बिंदुओं के अनुसार प्रस्तावों का परीक्षण कर निर्धारित प्रपत्र में बजट प्रस्ताव तैयार कर (नवीन मद के प्रस्ताव सहित) 21 नवंबर के पूर्व इस विभाग का अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। राज्य सरकार के सालाना बजट में हर साल वृद्धि होती है, लेकिन नए बजट में इस साल यह वृद्धि पांच प्रतिशत तक होगी। इस संबंध में वित्त विभाग ने कहा है कि वर्ष 2024-2025 के वास्तविक व्यय तथा 2025-2026 के पुनरीक्षित अनुमान के आधार पर ही वर्ष 2026-2027 के बजट अनुमान के संबंध में प्रस्ताव दें। वर्ष 2025-2026 के बजट प्रावधान का अधिकतम 5 प्रतिशत वृद्धि करते हुए वर्ष 2026-2027 का बजट प्रस्ताव तैयार किया जाए।

केन्द्र प्रवर्तित योजना, केन्द्रीय क्षेत्रीय योजना, विशेष,अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता योजनाओं का नाम एवं प्रकार केन्द्र शासन के स्वीकृति आदेश के अनुरूप ही उल्लेख करने का निर्देश दिया गया है। विशेष रूप से बाह्य सहायता प्राप्त योजनाओं, जिनमें केन्द्र प्रायोजित, निगम सहायता प्राप्त एवं अन्य विदेशी सहायता प्राप्त योजनाएं सम्मिलित हैं, में अनुदान व ऋण के रूप में प्राप्त राशि को अलग-अलग भी बताया जाए। जिससे राज्य पर पड़ने वाले ऋण भार का स्पष्ट आकलन किया जा सके।

### केंद्र की फ्लैगशिप योजनाओं पर निर्देश

राज्य सरकार के वित्त विभाग ने केन्द्र प्रवर्तित,फ्लैगशिप योजनाएं मनरेगा, पीएम जनमन, पीएमजीएसवाय, पीएम पोषण, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जलजीवन मिशन, समग्र शिक्षा जैसी योजनाएं जो केंद्रांश व राज्यांश के माध्यम से संचालित होती है, उनमें विभाग सुनिश्चित करें कि इन योजनाओं में केद्रांश हेतु वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान की राशि भारत सरकार द्वारा निर्धारित आवंटन के अनुरूप हो तथा वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान में केंद्रांश एवं आनुपातिक राज्यांश का प्रावधान पुनरीक्षित अनुमान 2025-26 के आधार पर प्रस्तावित किया जाए।

## राजस्व अधिकारियों की व्यस्तता के कारण नियमित सुनवाई नहीं होने से घट नहीं रहे प्रकरण

# तीन साल से राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा एक लाख के पार

**प्रदेश में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की रफ्तार धीमी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व विभाग के अधिकारियों की व्यस्तता के कारण प्रदेश में लंबित राजस्व प्रकरणों का आंकड़ा घट नहीं पा रहा है। पिछले तीन साल से प्रदेश में एक लाख से अधिक प्रकरण लंबित हैं। वर्तमान में भी यह आंकड़ा 1 लाख 13 हजार से अधिक है। दो वर्ष पहले यह आंकड़ा एक लाख 55 हजार के करीब था, जो घटकर 1 लाख 13 हजार तक आ पहुंचा है। यह आंकड़ा बता रहा है कि प्रदेश में राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण किस रफ्तार से किया जा रहा है। हालांकि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की रफ्तार धीमी होने की बड़ी वजह राजस्व विभाग के अधिकारियों के दूसरे कार्यों में व्यस्त होने के साथ प्रोटोकॉल ड्यूटी है। इन दोनों कारणों से राजस्व अधिकारी अपना मूल काम कर नहीं पा रहे हैं, जिससे लंबित प्रकरणों की संख्या भी घट नहीं पा रही है।



### विधानसभा चुनाव के दौरान हुआ था एक लाख का आंकड़ा पार

राजस्व संबंधी लंबित प्रकरणों का आंकड़ा एक लाख के पार विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान पार हुआ था। चुनाव के कारण अधिकारी करीब दो माह तक व्यस्त रहे, जिससे राजस्व संबंधी प्रकरणों में नियमित सुनवाई नहीं हो पाई। इस दौरान लगातार नए प्रकरण भी आते रहे। इस तरह चुनाव के इन दो माह में लंबित प्रकरणों का आंकड़ा भी 85 हजार से बढ़कर एक लाख के ऊपर पहुंच गया था। इस चुनाव के खत्म होने के कुछ महीनों के बाद लोकसभा चुनाव आ गया, जिसके कारण एक बार फिर राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई। इस बीच फिर सुनवाई नहीं हो पाई, जिससे लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़कर एक लाख 70 हजार के करीब पहुंच गई थी। चुनाव खत्म होने के बाद इस आंकड़े में गिरावट आना शुरू हुआ ही था कि कुछ महीनों के बाद ही नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव आ गया। इस चुनाव के कारण भी अधिकारी नियमित सुनवाई नहीं कर पाए। इस तरह वर्ष 2023 से लेकर वर्ष 2024 तक चुनाव के कारण अधिकारी अपना मूल काम नहीं कर चुनावी कार्य एवं प्रोटोकॉल ड्यूटी में व्यस्त रहे।

### एक साल में 12 हजार प्रकरण निराकरण

सूत्रों के अनुसार प्रदेश में पिछले एक साल में 12 हजार राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। एक वर्ष पहले प्रदेश में लंबित प्रकरणों की संख्या सवा लाख के करीब थी, वहीं वर्तमान में रेवेन्यू पोर्टल के अनुसार यह आंकड़ा एक लाख 13 हजार 227 है। इस तरह लगभग 12 हजार प्रकरण ही निराकृत हो पाए हैं।

### जिलेवार लंबित राजस्व प्रकरण

| | |
|---|---|
| कबीरधाम | 3410 |
| कांकेर | 3745 |
| कोंडागांव | 2113 |
| कोरबा | 3948 |
| कोरिया | 734 |
| खैरागढ़-छुईखदान | 1278 |
| गरियाबंद | 2314 |
| गौरेला-पेंड्रा-मरवाही | 1276 |
| जशपुर | 3094 |
| जांजगीर-चांपा | 3537 |
| दंतेवाड़ा | 313 |
| दुर्ग | 9292 |
| धमतरी | 1909 |
| नारायणपुर | 535 |
| बेमेतरा | 4333 |
| बलरामपुर-रामानुजगंज | 4367 |
| बलौदाबाजार-भाटापारा | 2614 |
| बस्तर | 2738 |
| बालोद | 3482 |
| बिलासपुर | 5006 |
| बीजापुर | 200 |
| मुंगेली | 1272 |
| मनेंद्रगढ़-चिरमिरी | 2770 |
| महासमुंद | 3742 |
| मोहला-मानपुर | 914 |
| राजनांदगांव | 2949 |
| रायगढ़ | 4821 |
| रायपुर | 5005 |
| सक्ती | 2701 |
| सुकमा | 656 |
| सरगुजा | 3293 |
| सूरजपुर | 4097 |
| सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 1320 |

## राष्ट्रीय पैरा तैराकी में हिस्सा लेने प्रदेश के 33 दिव्यांग खिलाड़ी हैदराबाद रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

25 वीं राष्ट्रीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता हैदराबाद (तेलंगाना) में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित है। जिसमे भाग लेने हेतु राज्य के पुरुष दिव्यांग तैराक 20 महिला दिव्यांग तैराक 04 कोच/मैनेजर 04 दिव्यांग तैराकों के सहयोग के लिए सहयोगी 05 कुल 33 सदस्यीय दल हैदराबाद रवाना हुए।

सभी चयनित दिव्यांग तैराकों को संजय तरण पुष्कर बिलासपुर में दोपहर 12:00 बजे स्विमिंग किट, ट्रैक शूट, टी शर्ट वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि खजांची कुम्हार अपर आयुक्त नगर निगम, अध्यक्षता तिलकेश भावे जेडी समाज कल्याण, विशेष रूप से अजीत सिंह भोगल संरक्षक छत्तीसगढ़ विकलांग तैराकी संघ, आदर्श दुबे, वैभव गुप्ता उपस्थित रहें। अतिथियों ने दिव्यांग तैराकों को हैदराबाद में अच्छा प्रदर्शन करने एवं छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अधिक से अधिक मेडल प्राप्त कर गौरवान्वित करने की बात कही गई । छत्तीसगढ़ राज्य दिव्यांग तैराकी दल की कोच दुर्गा यादव तैराकी प्रशिक्षक (वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी) पुरुष वर्ग के कोच गणेश राम एवं मैनेजर गोपाल यादव हैं। कार्यक्रम का संचालन सूरज यादव महासचिव छत्तीसगढ़ विकलांग तैराकी संघ ने किया एवं स्विमिंग किट वितरण समारोह में सुश्री ज्योति देवांगन, आनंद जायसवाल, देवेंद्र सिंह, कमलकांत आदि उपस्थित रहें।

## राशिफल

**मेष** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

# मुख्यमंत्री ने कहा- किसानों की मेहनत और सरकार पर उनके विश्वास का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का काम शुरू हो गया है, इसको लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, धान की खरीदी छत्तीसगढ़ के किसानों की मेहनत और सरकार पर उनके विश्वास का उत्सव है। धान खरीदी को पूर्ण रूप से पारदर्शी समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा और किसानों के पैदा किए गए धान की खरीदारी सरकार करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, धान की खरीदी के लिए सभी तैयारियों को समय से पूरा कर लिया गया था। जो भी किसान अपना धान बेचने के लिए आएंगे, उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए, इसके लिए सभी जिले के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। धान खरीदी की व्यवस्था को तकनीकी सक्षम बनाया गया है। तूंहर टोकन एप, जीपीएस आधारित परिवहन सतर्क ऐप और कमांड-कंट्रोल सेंटर जैसे आधुनिक सिस्टम लागू किए गए हैं।

### बिना परेशानी विक्रय कर सकेंगे धान


मुख्यमंत्री ने लिखा कि आज भोर की सुनहरी किरणों के साथ छत्तीसगढ़ की धरती पर धान खरीदी की शुरुआत हुई है। छत्तीसगढ़ की आत्मा हमारे किसान हैं। मैंने सभी ज़िलों में आधारभूत व्यवस्थाएं समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि हर किसान बिना किसी परेशानी के अपना धान विक्रय कर सके।



### किसानों का भरोसा ही असली ताकत

मुख्यमंत्री ने कहा, हर कदम पर हमारी प्राथमिकताएं किसानों को सुविधा देना है। सम्मानजनक तरीके से उनके धान को खरीदना है और समय पर किसानों के खाते में पैसा चला जाए यह सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों का अटूट विश्वास छत्तीसगढ़ के सरकार पर है और यही छत्तीसगढ़ के विकास के असली ताकत है। मुख्यमंत्री ने कहा, धान खरीदी की शुरुआत के साथ ही प्रदेशभर के किसानों में उत्साह का माहौल है। पारदर्शी और मजबूत तकनीकी व्यवस्था से इस बार धान खरीदी की व्यवस्था और सहज और सरल तरीके से होगी।

## शब्द पहेली - 6050



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 6049 का हल



## सूडोकू नवताल 6060

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 6059 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# नए अंदाज में अनवील टाटा सिएरा, मॉडर्न डिजाइन के साथ एडवांस फीचर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने अपनी आइकॉनिक एसयूवी टाटा सिएरा को एक बार फिर नए अंदाज में पेश कर दिया है। बता दें कि 90 के दशक की यह फेमस एसयूवी भारत में एक कल्ट स्टेटस रखती है।

- कंपनी प्रीमियर केबिन के साथ वापस लेकर आई

अब कंपनी इसे मॉडर्न डिजाइन, एडवांस फीचर्स और प्रीमियम केबिन के साथ वापस लेकर आई है। कॉन्सेप्ट से लेकर प्री-प्रोडक्शन तक, सिएरा कई बार ऑटो शो में दिख चुकी थी। हालांकि, इस बार आखिरकार इसके सभी फीचर्स और डिजाइन डिटेल्स ऑफिशियल तौर पर सामने रख दिए गए हैं। नई सिएरा पुराने मॉडल की तरह बॉक्सी और दमदार स्टांस तो रखती है।

## भारत में 90 के दशक में यह फेमस एसयूवी रही है

### इम्प्रेसिव हैं एसयूवी का केबिन

अंदर का केबिन भी उतना ही इम्प्रेसिव है। सिएरा में तीन डिजिटल डिस्प्ले दिए गए हैं जिनमें एक ड्राइवर डिस्प्ले और दो इंफोटेनमेंट स्क्रीन है। वहीं, इसमें टाटा कर्व वाला नया 4-स्पोक स्टीयरिंग व्हील, इल्युमिनेटेड टाटा लोगो और टच-सेंसिटिव कंट्रोल्स के साथ काफी फ्यूचरिस्टिक लगता है। केबिन में ब्लैक-ग्रे थीम और बड़ा पैनोरमिक सनरूफ दिया गया है जो सी-पिलर तक जाता है और अंदर को बेहद आर्मी और ओपन फील कराता है।



### कुछ ऐसा है पावरट्रेन

फीचर्स की बात करें तो टाटा सिएरा में डुअल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, वायरलेस चार्जिंग, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, रियर सनशेड्स, 360 कैमरा, और लेवल-2 एडास जैसे हाई-टेक फीचर्स मिलते हैं। जबकि पावरट्रेन के तौर पर एसयूवी में नया 1.5-लीटर टर्बो-पेट्रोल इंजन मिलेगा जो करीब 170बीएचपी की पावर और 280एनएम का टार्क आउटपुट देगा। इसके अलावा, एक 1.5-लीटर एनए पेट्रोल और कर्व/नेस्क वाला 1.5-लीटर डीजल इंजन भी रहेगा।

### *ग्लास सेक्शन पुरानी सिएरा की याद ताजा करती है*

*डिजाइन की बात करें तो नई सिएरा पुराने मॉडल की तरह बॉक्सी और दमदार स्टांस तो रखती है। फ्रंट में बड़े ग्लॉस-ब्लैक पैनल, स्टाइलिश एलईडी हेडलैंप्स, डीआरएल, और एक स्लीक लाइट स्ट्रिप इसे बेहद प्रीमियम फील देते हैं। बंपर में लगा स्किड प्लेट और फॉग लैंप्स एसयूवी के लुक को और ज्यादा मजबूत बनाते हैं। साइड प्रोफाइल में फ्लश डोर हैंडल्स और बी और सी पिलर के बीच दिया गया बड़ा ग्लास सेक्शन पुराने सिएरा की याद दिलाता है। इसे सपोर्ट देते हैं 19-इंच अलॉय व्हील्स और मस्कुलर व्हील आर्च क्लैडिंग। पीछे की तरफ फुल-विड्थ एलईडी लाइट बार इसे पूरी तरह मॉडर्न, इंटरनेशनल एसयूवी जैसा लुक देती है।*

## खबर संक्षेप

### जीएसटी सुधारों के बाद बीमा कारोबार में वृद्धि




**मुंबई।** बीमा नियामक इरडा के सदस्य दीपक सूद ने कहा कि 22 सितंबर को जीएसटी में हुए सुधारों के बाद बीमा व्यवसाय में काफी वृद्धि हुई है। सरकार ने जीएसटी को शून्य करके बीमा को दैनिक आवश्यकताओं के बराबर ला दिया है और अब उद्योग की जिम्मेदारी है कि बीमा प्रसार को व्यापक बनाए। उन्होंने उद्योग से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने का पूरा लाभ अंतिम उपभोक्ता को मिलना चाहिए।

### भारत, ईएईयू ने व्यापार करार के मसौदे की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** भारत और पांच देशों के समूह यूरेशियन आर्थिक आयोग ने वस्तुओं के क्षेत्र में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के मसौदे की समीक्षा की। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देना है। इस वर्ष 20 अगस्त को भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए औपचारिक वार्ता शुरू करने के लिए संदर्भ शर्तों पर हस्ताक्षर किए। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने पिछले सप्ताह यूरेशियन आर्थिक आयोग के व्यापार प्रभारी मंत्री आंद्रे स्लेपनेव और रूसी उद्योग एवं व्यापार उप मंत्री मिखाइल युरिन के साथ वार्ता करने के लिए मास्को का दौरा किया था।

### डिश टीवी का घाटा बढ़कर 132.65 करोड़ रुपए के पार




**नई दिल्ली।** डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा प्रदाता कंपनी डिश टीवी इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 132.65 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसे 37.38 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 27.41 प्रतिशत घटकर 291.13 करोड़ रुपये रह गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 395.62 करोड़ रुपये थी। डिश टीवी ने अपने वित्त परिणामों की घोषणा करते हुए कहा, 'वित्त वर्ष 2025- 26 की दूसरी तिमाही में उसकी कर पूर्व आय 31.8 करोड़ रुपये रही, जो सालाना आधार पर 77.9 प्रतिशत की गिरावट है।'

### कॉफी डे ग्लोबल का घाटा बढ़कर छह करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** कैफे कॉफी डे का संचालन करने वाली कॉफी डे ग्लोबल का घाटा सितंबर तिमाही के दौरान बढ़कर 6.18 करोड़ रुपये हो गया। वहीं इसका शुद्ध राजस्व 5.6 प्रतिशत बढ़कर 274.18 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 259.64 करोड़ रुपये का शुद्ध राजस्व और 5.48 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था। इसकी औसत दैनिक बिक्री (एएसपीडी) सालाना आधार पर मामूली रूप से बढ़कर 21,168 रुपये हो गई, जबकि एक साल पहले यह 21,038 रुपये थी। इसके अलावा, कैफे कॉफी डे के कुल स्टोर की संख्या सितंबर तिमाही में घटकर 423 रह गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 440 थी।

### वॉलमार्ट के सीईओ का पद संभालेंगे फर्नर

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की दिग्गज खुदरा कंपनी वॉलमार्ट के सीईओ डग मैकमिलन जनवरी में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कंपनी ने घोषणा की कि लंबे समय से वॉलमार्ट से जुड़े और इसके अमेरिकी परिचालनों के प्रमुख जॉन फर्नर उनकी जगह नए सीईओ बनेंगे।

## सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर ने दी जानकारी

# नए प्रतिबंधों के बीच भारत ने अक्टूबर में रूस से 2.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- भारत रूस से दूसरा सबसे बड़ा तेल खरीदार
- प्रतिबंध से पहले अक्टूबर में रूस से तेल खरीदी पर 2 .5 यूरो खर्च
- रूसी तेल कंपनी रोसनेक्ट और लुकऑयल पर लगाया प्रतिबंध

रूसी कच्चे तेल के दूसरे सबसे बड़े खरीदार भारत ने रूसी इकाइयों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने से पहले अक्टूबर में रूस से कच्चे तेल की खरीद पर 2.5 अरब यूरो तक खर्च किए हैं। एक यूरोपीय शोध संस्थान ने यह जानकारी दी। अक्टूबर में भारत का रूसी तेल की खरीद पर खर्च सितंबर के समान 2.5 अरब यूरो पर रहा।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के अनुसार, अक्टूबर में चीन के बाद भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा। 22 अक्टूबर को, अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध के वित्तपोषण के लिए क्रेमलिन के संसाधनों को कम करने के लिए रूस की दो सबसे बड़े तेल उत्पादक कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑयल पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### रिलायंस, एचपीसीएल मित्तल एनर्जी व मैंगलोर रिफाइनरी ने आयात रोका

इन प्रतिबंधों के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है। रूस ने अक्टूबर में छह करोड़ बैरल कच्चा तेल भेजा, जिसमें रोसनेफ्ट और लुकऑयल का कुल मिलाकर 4.5 करोड़ बैरल का योगदान था।

### *कुल खरीद में कच्चे तेल का योगदान 81 प्रतिशत*

*सीआरईए ने अपनी मासिक निगरानी रिपोर्ट में कहा, ''भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना रहा, जिसने कुल 3.1 अरब यूरो का आयात किया। भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल का योगदान 81 प्रतिशत (2.5 अरब यूरो) रहा, उसके बाद कोयले का 11 प्रतिशत (35.1 करोड़ यूरो) और तेल उत्पादों का सात प्रतिशत (22.2 करोड़ यूरो) रहा।''*

### रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों पर प्रतिबंध नहीं

इसके विपरीत, अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया का आयात 140 प्रतिशत बढ़कर 9.3 करोड़ यूरो हो गया और अमेरिका का आयात भी 17 प्रतिशत बढ़कर 12.66 करोड़ यूरो हो गया। इन दोनों देशों ने अभी तक रूसी कच्चे तेल से बने तेल उत्पादों पर प्रतिबंध की घोषणा नहीं की है।



### रोसनेफ्ट पर यूरोपीय संघ व ब्रिटेन का प्रतिबंध

इसमें कहा गया है कि एक उल्लेखनीय घटनाक्रम में, रोसनेफ्ट के स्वामित्व वाली वाडिनार रिफाइनरी (गुजरात में) - जिस पर अब यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने प्रतिबंध लगा दिया है - ने अक्टूबर में अपना उत्पादन 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया। जुलाई में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के बाद, रिफाइनरी केवल रूस से ही कच्चा तेल आयात कर रही है। अक्टूबर में, रूस से उनके आयात में मासिक आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के बाद से उनकी उच्चतम मात्रा थी।

### रिफाइनरी से निर्यात में गिरावट

रिफाइनरी से निर्यात में उल्लेखनीय गिरावट आई है (पिछले साल इसी महीने की तुलना में 47 प्रतिशत) और यह मई, 2023 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गया है, सीआरईए ने कहा, अक्टूबर में रूसी कच्चे तेल का उपयोग करने वाली छह भारतीय और तुर्की रिफाइनरियों से प्रतिबंधित देशों के आयात में मासिक आधार पर आठ प्रतिशत की कमी आई।

### कच्चे तेल के आयात पर कुल 3.6 अरब यूरो खर्च

*सितंबर में, भारत ने कुल 3.6 अरब यूरो खर्च किए थे। इसमें कच्चे तेल पर 2.5 अरब यूरो, कोयले पर 45.2 करोड़ यूरो और तेल उत्पादों पर 34.4 करोड़ यूरो शामिल हैं। सीआरईए के अनुसार, अक्टूबर में भारत के रूसी कच्चे तेल के आयात में माह-दर-माह आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जहां निजी रिफाइनरियों का आयात भारत के कुल आयात का दो-तिहाई से अधिक था, वहीं सरकारी स्वामित्व वाली रिफाइनरियों ने अक्टूबर में माह-दर-माह आधार पर अपने रूसी आयात की मात्रा लगभग दोगुनी कर दी।*

## यामाहा मोटर इंडिया को निर्यात में 25 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- कंपनी चेन्नई कारखाने को वैश्विक बाजार के लिए निर्यात केंद्र बना रही
- यामाहा भारत से लगभग 55 देशों को निर्यात करती है

जापानी दोपहिया वाहन कंपनी यामाहा को उम्मीद है कि इस साल भारत से उसका निर्यात 25 प्रतिशत बढ़ेगा और वह अपने चेन्नई कारखाने को वैश्विक बाजार, खासकर विकसित देशों के लिए निर्यात केंद्र बना रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। यामाहा मोटर कंपनी लिमिटेड के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी और यामाहा मोटर इंडिया समूह के चेयरमैन इटारू ओटानी ने बताया कि कंपनी भारत से लगभग 55 देशों को निर्यात करती है। कंपनी भारत से निर्यात बढ़ाने के लिए और अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजारों की तलाश करेगी। जब उनसे पूछा गया कि कंपनी इस साल भारत से अपने निर्यात को कैसे देख रही है, तो उन्होंने कहा, ''हम इस साल निर्यात में 25 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।'' इंडिया यामाहा मोटर प्राइवेट लिमिटेड ने 2024-25 में 2,95,728 इकाइयों के निर्यात

***अन्य बाजारों की भी खोज जारी :*** *ओटानी ने कहा कि कंपनी उन अन्य बाजारों की भी खोज कर रही है जहां उसके उत्पादों के लिए संभावनाएं हैं और जहां मांग है, वह निश्चित रूप से उन बाजारों पर भी विचार करेगी।*

***निर्यात वृद्धि का लक्ष्य तय :*** *ओटानी ने कहा, ''इस समय हम 55 देशों को निर्यात करते हैं। कुल मिलाकर, हम (इस वर्ष) निर्यात में 25 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रख रहे हैं।'' यह पूछे जाने पर कि क्या यामाहा निर्यात बढ़ाने के लिए नए बाजारों की तलाश कर रही है, उन्होंने कहा, ''हम विकसित देशों सहित अन्य बाजारों की योजना बना रहे हैं।''*

## आधी भारतीय कंपनियां एआई पर निर्भर, लेकिन बजट अभी भी कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- ईवाई-सीआईआई ने जारी की रिपोर्ट
- 95 फीसदी कंपनियों का एआई व एमएल खर्च 20 फीसदी से कम

ईवाई-सीआईआई की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग आधी भारतीय कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सक्रिय रूप से तैनाती कर रही हैं। इनमें से 47 प्रतिशत ने बताया कि अब उत्पादन में कई तरह से जनरेटिव एआई का इस्तेमाल किया जा रहा है।

रिपोर्ट में पाया गया कि एआई की संभावनाओं में दृढ़ विश्वास के बावजूद इनमें निवेश का स्तर कम बना हुआ है। करीब 95 प्रतिशत कंपनियों का एआई और एमएल (मशीन लर्निंग) बजट, उनके कुल आईटी खर्च के 20 प्रतिशत से कम है। रिपोर्ट के मुताबिक, ''लगभग आधे भारतीय उद्यमों (47 प्रतिशत) के पास अब जनरेटिव एआई (जेनएआई) के उपयोग के कई मामले मौजूद हैं, जबकि 23 प्रतिशत शुरुआती चरण में हैं।'भारतीय उद्योग एआई को अपने मुख्य व्यावसायिक कार्यक्रमों में शामिल करके मजबूत आत्मविश्वास दिखा रहे हैं। करीब 76 प्रतिशत उद्यमियों का मानना है कि जेनएआई का महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रभाव होगा, और 63 प्रतिशत इसका प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। आउटलुक 2026' 20 से अधिक उद्योगों में फैले 200 भारतीय संगठनों के सर्वेक्षण पर आधारित है। इनमें सरकारी निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्टार्टअप, वैश्विक क्षमता केंद्र और बहुराष्ट्रीय निगमों की भारतीय शाखाएं शामिल हैं।

### ज्यादातर निवेश करने में सावधानी बरत रही

रिपोर्ट के मुताबिक 95 प्रतिशत से ज्यादा संगठन अपने आईटी बजट का 20 प्रतिशत से भी कम एआई पर खर्च करते हैं। इससे पता चलता है कि एआई की क्षमता में अत्यधिक भरोसे के बावजूद ज्यादातर कंपनियां इस पर निवेश करने में सावधानी बरत रही हैं।

## एक्साइड इंडस्ट्रीज का लाभ घटकर 173.6 करोड़ रुपए

**कोलकाता।** एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध मुनाफा चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 26 प्रतिशत घटकर 173.64 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 233.40 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। तिमाही के दौरान परिचालन से एकीकृत राजस्व 1.9 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 4,364.51 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 4,450.00 करोड़ रुपये था। सितंबर 2025 को समाप्त छमाही में, एकीकृत शुद्ध मुनाफा 1.3 प्रतिशत घटकर 448.22 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्तवर्ष 2024-25 की पहली छमाही में यह 454.15 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि तिमाही में उसका प्रदर्शन जीएसटी व्यवस्था में बदलाव के कारण प्रभावित हुआ।




## सन टीवी के लाभ में 13.4 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** सन टीवी नेटवर्क्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 13.37 प्रतिशत घटकर 354.69 करोड़ रुपये रहा। सबसे बड़े प्रसारकों में से एक, सन टीवी नेटवर्क ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 409.45 करोड़ रुपये का कर-पश्चात मुनाफा अर्जित किया था। कंपनी का परिचालन राजस्व सितंबर तिमाही में 38.9 प्रतिशत घटकर 1,299.87 करोड़ रुपये रहा। यह पिछले साल की इसी तिमाही में 935.7 करोड़ रुपये था।




## अमेरिकी बैंक से लेकर घरेलू आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

- पीएमआई आंकड़े व अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता की प्रगति पर होगी नजर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू पीएमआई आंकड़े, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा और भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ताओं में प्रगति आने वाले सप्ताह में स्थानीय शेयर बाजार की दिशा को प्रभावित कर सकती है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, इसके अलावा विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियां भी शेयर बाजार के रुझानों को प्रभावित करेंगी। उन्होंने कहा, ''बाजार की दिशा कुछ बड़े आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगी, जैसे भारत के पीएमआई आंकड़े, अमेरिका में बेरोजगारी दावों के आंकड़े, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफएमओसी) की बैठक का ब्योरा, और भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं में प्रगति। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एक विवेकपूर्ण दृष्टिकोण मजबूत बुनियादी बातों, स्पष्ट आय दृश्यता और संरचनात्मक अनुकूल परिस्थितियों वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। वित्त वर्ष 2025- 26 की दूसरी छमाही में संभावित उन्नयन के लिए पोर्टफोलियो की स्थिति बनाना



होगा।/'' पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,346.5 अंक या 1.62 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 417.75 अंक या 1.64 प्रतिशत के लाभ में रहा। उन्होंने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों ने सप्ताह का अंत मजबूती के साथ किया, जिसमें अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' के समाधान के कारण बेंचमार्क सूचकांकों में बढ़त दर्ज की गई, जिसे मजबूत घरेलू बुनियादी बातों, अपेक्षा से अधिक दूसरी तिमाही की आय और घटती मुद्रास्फीति का समर्थन प्राप्त हुआ।''

**आईपीओ प्रति उत्साह :** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख (धन प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''पूंजी बाजार से जुड़े शेयर भी सक्रिय रहे।

### *तेजी जारी रहने की संभावना*

*खेमका ने आगे कहा कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में लगातार तेजी जारी रहने की संभावना है, जिसे मजबूत घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़े, अच्छे तिमाही नतीजों और बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिले मजबूत चुनावी जनादेश से समर्थन मिलेगा, जिससे केंद्र में राजनीतिक स्थिरता को बल मिलेगा।''*

## एनटीपीसी की परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं लगाने की योजना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर 700 मेगावाट, 1,000 मेगावाट और 1,600 मेगावाट क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनटीपीसी का लक्ष्य 2047 तक भारत की प्रस्तावित 100 गीगावाट परमाणु क्षमता में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी (30 गीगावाट) हासिल करना है। उद्योग के अनुमान के अनुसार, एक गीगावाट क्षमता वाले परमाणु संयंत्र के लिए 15,000-20,000 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता होती है और आमतौर पर इसकी शुरुआत से इसे चालू करने तक में तीन साल का समय लगता है।कंपनी की परमाणु विस्तार योजनाओं पर जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा कि एनटीपीसी वर्तमान में गुजरात, मध्य प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश सहित कई राज्यों में भूमि विकल्पों



का मूल्यांकन कर रही है। कंपनी की रणनीतिक योजना से जुड़े एक अधिकारी ने कहा, ''परमाणु परियोजनाओं की क्षमता क्रमशः 700 मेगावाट, 1,000 मेगावाट और 1,600 मेगावाट होगी। एनटीपीसी परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (एईआरबी) द्वारा चिन्हित और अनुमोदित राज्यों में परमाणु ऊर्जा विकास कार्य जारी रखेगी। अधिकारी ने आगे कहा, ''एईआरबी स्थलों को मंजूरी देगा और एनटीपीसी उसी के अनुरूप परियोजनाओं को क्रियान्वित करेगी। कंपनी ने कच्चे माल के मोर्चे पर भी प्रयास शुरू कर दिए हैं और विदेशों में यूरेनियम परिसंपत्तियों के अधिग्रहण की संभावना तलाश रही है। यूरेनियम, एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला धात्विक तत्व है और यह परमाणु रिएक्टर में प्रयुक्त होने वाला प्राथमिक ईंधन है। एनटीपीसी ने विदेशों में यूरेनियम परिसंपत्तियों की संयुक्त तकनीकी-व्यावसायिक जांच-परख के लिए यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक समझौते के मसौदे पर पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रौद्योगिकी के मोर्चे पर, एनटीपीसी 700 मेगावाट और 1,000 मेगावाट के संयंत्रों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित दाबयुक्त भारी जल रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) स्थापित करने की योजना बना रही है।

**1600 मेगावाट के लिए तकनीकी सहयोग पर विचार :** अधिकारी ने कहा, ''1,600 मेगावाट की परमाणु परियोजनाओं के लिए, हम तकनीकी सहयोग पर विचार कर सकते हैं।'' वर्ष 1975 में एक ताप विद्युत उत्पादक के रूप में स्थापित, एनटीपीसी लिमिटेड ने लगातार विस्तार किया है और नए ऊर्जा स्त्रोतों में विविधीकरण किया है।



## कार्यालय, नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)

फा.क्र./संपदा/15/लीज हस्तां./2025 12674 — कोरबा, दिनांक 12 .11.2025

**लीज हस्तांतरण हेतु आम सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों के द्वारा भूखण्ड के लीज हस्तांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर नगर पालिक निगम कोरबा कार्यालय साकेत भवन में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | लीजकर्ता का नाम | लोज ग्रहिता का नाम | योजना का नाम | भूखण्ड का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| भूखण्ड | | | | |
| 1 | श्री महेश कुमार भावनानी आ श्री टी. एन भावनानी, निवासी- प्लाट नं-03, इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा, तह. व जिला कोरबा (छ.ग.) | 1/ श्रीमती कनिका सेठ पति श्री विनय सेठ, निवासी लवली बैटरी, पॉवर हाउस रोड कोरबा, तह.व जिला कोरबा (छ.ग) एव 2. श्रीमती मीना अग्रवाल पति श्री ओम प्रकाश अग्रवाल, निवासी ई/ईस्ट फ्लोर, साई कुंज अग्रसेन भवन कोरबा, तह.व जिला कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 03 साईज 5370 वर्गफुट |
| 2 | श्री विक्रम लाम्बा आ. स्व. इन्दर लाल लाम्बा एवं श्री जोगेश लाम्बा आ. स्व. इन्दर लाल लाम्बा, निवासी- रानी रोड, धनुहार पारा कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती पुष्पा सिंह पति स्व उमाशंकर सिंह, निवासी- हाउसिंग बोर्ड, शांति नगर, बालको नगर कोरबा, तह.व जिला- कोरबा (छ.ग.) | सी1 सी 2 कोसाबाडी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 65 साईज 50'x 80'= 4000 वर्गफुट |
| 3 | श्री नरेश कुमार जैन आ. जागादर लाल जैन, निवासी- 239, टी. पी. नगर, लालू राम कॉलोनी कोरबा, जिला- कोरबा (छ.ग.) | 1/ श्री परमानंद धामेचा आ. श्री धनराज मल धामेचा, 2/ श्रीमती मीना धामेचा पति श्री परमानंद धामेचा एवं 3/ श्री आशीश धामेचा आ. श्री परमानंद धामेचा, निवासी प्लाट नं. -26. पं.रविशकर शुक्ल नगर कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) | परिवहन नगर कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 15 साईज $12^{1/2}$'x 30'= 375 वर्गफुट |
| 4 | 1/ श्री शंकर लाल अग्रवाल आ. स्व. मटरूमल अग्रवाल, 2/ श्री संजय कुमार टमकोरिया आ. स्व राम कुमार टमकोरिया स्वयं एवं 3/श्री विवेक कुमार अग्रवाल आ. स्व. राम दास अग्रवाल की ओर से अधिकृत आ. मु श्रीमती लक्ष्मी टमकोरिया पति श्री संजय कुमार टमकोरिया, निवासी-परिवहन नगर कोरबा, तह. व जिला- कोरबा (छ.ग.) | 1/ श्री अमित अग्रवाल आ. श्री शंकर लाल अग्रवाल. 2/ ग्रीष्मी टमकोरिया आ. श्री संजय कुमार टमकोरिया की ओर से अधिकृत आ. मु. श्री प्रांजल टमकोरिया आ. श्री अजय कुमार टमकोरिया, 3/ श्री निस्चल टमकोरिया आ श्री संजय कुमार टमकोरिया एवं 4/श्री सुषेन टमकोरिया आ. श्री संजय कुमार टमकोरिया की ओर से अधिकृत आ. मु. श्री जय प्रकाश टमकोरिया आ. स्व राम कुमार टमकोरिया, निवासी-मंगलम विहार, कोसाबाडी कोरबा, तह.व जिला कोरबा (छ.ग.) | इंदिरा व्यावसायिक सह आवासीय केन्द्र कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 23 से लगे अतिरिक्त भूखण्ड साईज 535 वर्गफुट |
| 5 | श्री शाईन के. पोन्नाचन आ. श्री के सी. पोन्नाचन, निवासी-एम.आई.जी. I/40, महाराणा प्रताप नगर कोरबा, तह व जिला कोरबा (छ.ग.) | 1/ श्रीमती चंदा रानी गुप्ता पति श्री विनय प्रसाद गुप्ता एवं 2/ श्री विनय प्रसाद गुप्ता आ. श्री लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, निवासी क्वा.नं. -1835, टाईप-ए, एन.टी.पी.सी. टाउनशीप जमनीपाली, जमनीपाली, तह-दर्री, कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 114 साईज 44'x50' = 2200 वर्गफुट |
| 6 | श्री विनोद कुमार शर्मा आ. श्री श्याम बिहारी शर्मा, निवासी- प्लाट नं.-18, साडा कॉलेनी, पश्चिमी कोरबा, तह- दर्री जिला कोरबा (छ.ग.) | श्रीमती कामिनी शर्मा पति श्री अनिल कुमार शर्मा, निवासी- बी/2033. नर्मदा विहार, जमनीपाली, एन.टी पी.सी. टाउनशिप कोरबा तह. दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.) | पश्चिमी कोरबा | भूखण्ड क्रमांक 34 साईज 25'x 60' = 1500 वर्गफुट |

नोट : - निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**संपदा अधिकारी,**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.)**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पीएम मोदी ने...

प्रत्येक आयाम में जनजातीय समाज का प्रतिनिधित्व और सशक्तिकरण 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र की वास्तविक शक्ति को प्रमाणित करता है। उल्लेखनीय है कि 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ में नए विधानसभा भवन का लोकार्पण किया था, उस दौरान भी पीएम श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में जनजाति समाज मुरिया दरबार को भारत की समृद्ध और प्राचीन लोकतांत्रिक विरासत के एक महत्वपूर्ण प्रमाण के रूप में रेखांकित किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी समाज की प्रगति के लिए लोकतांत्रिक भागीदारी अनिवार्य है। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ प्रवास का उल्लेख करते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व रायपुर में उन्होंने शहीद वीरनारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का लोकार्पण किया। यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ के जनजातीय इतिहास, परंपरा, कला और बलिदान का भव्य प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में स्थापित होगा। उनके उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय, उनकी संस्कृति तथा राज्य में चल रहे जनजातीय उत्थान के प्रयासों की जिस प्रकार सराहना की गई, उसने पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। **जनजातीय समाज उनके स्नेह और उदारता के लिए कृतज्ञ** -मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, प्रधानमंत्री हमारे देश के गौरव हैं। देश का जनजातीय समाज उनके स्नेह और उदारता के लिए कृतज्ञ है। छत्तीसगढ़ के लिए उनका कहा हुआ प्रत्येक शब्द अमृत के समान है। उनके इस स्नेह को प्रसाद मानते हुए हम और अधिक उत्साह के साथ छत्तीसगढ़ महतारी की अर्चना में स्वयं को समर्पित करते हैं।

### दुमका में दिल ...

पुलिस की टीम मामले की जांच के साथ ही उसकी पत्नी की तलाश में जुटी हुई है।

### बुखार से तीन...

अचानक मौत हो गई। फिलहाल बीमारी का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, पर इलाज में हुई गंभीर देरी, झोलाछापों पर अनियंत्रित निर्भरता और पारंपरिक बैगा–गुनिया उपचार ने स्थिति को और भयावह बना दिया। पूरा परिवार हाल ही में साहेबिनकछार मक्का तोड़ने गया था। वहीं से तीनों बच्चों को तेज बुखार हुआ। शुरुआत में किसी स्थानीय झोलाछाप से इलाज कराया गया। हालत बिगड़ती गई तो परिवार पारंपरिक तरीके, जिसमें बैगा, गुनिया और झाड़–फूंक का सहारा लिया गया। इस दौरान बच्चों को समय पर प्राथमिक या विशेषज्ञ चिकित्सा नहीं मिल पाई। सबसे बड़े बच्चे को जब अमलीपदर सरकारी अस्पताल लाया गया, वहीं सुबह उसकी मौत हो गई। दूसरे बच्चे को देवभोग क्षेत्र में एक झोलाछाप उपचारकर्ता के पास ले जाया जा रहा था, पर दोनों को बचाया नहीं जा सका। दूसरे बच्चों को मौत मिट्टी कर जैसे ही घर लोटे, वैसे ही तीसरे बच्चे की मौत ने पूरे गांव को शोक में डूबा दिया। **अस्पताल लाने में देर हुई-** एक बच्चे को बहुंत ज्यादा सेहत बिगड़ने पर इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। तब तक काफी देर हो चुकी थी। तीनों बच्चों की मौत हो चुकी है। डॉ. इंद्रजीत भारद्वाज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अमलीपदर

### एनआरआई की...

स्थानीय लोगों को प्रवेश देने का नियम बनाया गया था। मॉपअप राउंड के पश्चात एनआरआई कोटा की केवल 107 सीटें भरीं। रिक्त 26 सीटों का परिवर्तन स्ट्रे राउंड के सीट मैट्रिक्स बनाने के समय ही ओपन सीटों ( मैनेजमेंट) में कर इसका आवंटन किया गया।

### टमाटर की फसल...

यही नहीं, इस बार तो बाहर से आने वाले टमाटर के दाम भी कम रहे। बीते साल तो टमाटर के दाम दीपावली के पहले सौ रुपए के पार रहे, लेकिन इस बार इसके दाम चिल्हर मे 30 रुपए के आसपास रहे। इसका कारण यह रहा कि दक्षिण के राज्यों से आने वाला टमाटर भरपूर मात्रा में यहां पहुंच रहा था।

### कई राज्यों में जा...

आवक भी कम है। इसका कारण यह है कि यहां के टमाटर जहां उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड और ओडिशा जा रहे हैं, वहीं पहली बार यहां से टमाटर दिल्ली और बंगाल भी जा रहे हैं। इससे अलावा टमाटर के सबसे बडो हब धमधा क्षेत्र में कई हेक्टयर में फसल खराब हो गई है। ऐसे में डूमरतराई बाजार में जहां थोक दाम 40 रुपए हो गए हैं, वहीं शास्त्री बाजार में इसके दाम 45 रुपए हैं। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो अलग-अलग बाजार में इसके दाम 50 से 60 रुपए हो गए हैं।

### रोजगार के सामान्य ...

हो जाती है और जो आर्थिक संकट में फंस जाता है। डिवीजन बेंच ने अपने फैसले में कहा, दावेदार को कई वर्षों के बाद मृतक कर्मचारी का आश्रित नहीं माना जा सकता है। इतनी लंबी अवधि के बाद नियुक्ति प्रदान करना नीति के उद्देश्य और प्रयोजन के विपरीत है। डिवीजन बेंच ने कहा, अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य मृतक की मृत्यु की तिथि से कुछ वर्षों के बाद भर्ती का स्रोत बनना नहीं है।

### तेजप्रताप ने किया...

बीच घमासान का तनाव झेल रहे लालू प्रसाद यादव को बड़ा झटका लगा है। लालू यादव जिस भाजपा से लड़ते रहे, उनके बड़े बेटे तेज प्रताप यादव उसी पार्टी की अगुआई वाले गठबंधन एनडीए के साथ जाने का ऐलान कर दिया है। तेज प्रताप की पार्टी जनशक्ति जनता दल एनडीए को नैतिक समर्थन देने का ऐलान किया है। तेज का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब राजद, लालू और तेजस्वी यादव को अपनी पार्टी की हार का जवाब नहीं सूझ रहा है। तेजप्रताप यादव की पार्टी की कोर कमेटी बैठक हुई जिसमें एनडीए सरकार को नैतिक समर्थन देने की घोषणा की गई। प्रवक्ता प्रेम यादव ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जल्द ही रोहिणी दीदी से बात करेंगे और जेजेडी का राष्ट्रीय संरक्षक की जिम्मेदारी संभालने का आग्रह करेंगे। हालांकि यह समर्थन औपचारिक गठबंधन जैसा नहीं होगा। बिहार की राजनीति में इसे बड़े डेवलपमेंट के रूप में देखा जा रहा है। बकौल प्रेम यादव तेज प्रताप यादव ने कहा कि जेजेडी ही लालू यादव की असली पार्टी है। माना जा रहा है कि तेज प्रताप का यह कदम राजनीति में स्वतंत्र पहचान बनाने की रणनीति का हिस्सा है।

### रोहिणी आचार्य का...

मारने के लिए चप्पल उठाया गया , मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया, सच का समर्पण नहीं किया, सिर्फ और सिर्फ इस वजह से मुझे बेइज्जती झेलनी पड़ी.. रोहिणी ने आगे लिखा कि कल एक बेटी मजबूरी में अपने रोते हुए मां – बाप बहनों को छोड़ आयी , मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया.. मुझे अनाथ बना दिया गया .आप सब मेरे रास्ते कभी ना चलें , किसी घर में रोहिणी जैसी बेटी-बहन पैदा ना हो। तेज प्रताप की बहन रोहिणी आचार्य ने आगे लिखा, "कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूँ और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी , करोड़ों रूपए लिए , टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी .. सभी बेटी – बहन , जो शादीशुदा हैं उनको मैं बोलूंगी कि जब आपके मायके में कोई बेटा – भाई हो , तो भूल कर भी अपने भगवान रूपी पिता को नहीं बचाएं , अपने भाई , उस घर के बेटे को ही बोले कि वो अपनी या अपने किसी हरियाणवी दोस्त की किडनी लगवा दे।

### अपने घर में 15 साल...

पड़ा है। तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी 153 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने 123 रनों की बढ़त लेकर भारत के सामने 124 रनों का लक्ष्य रखा था। भारत की बल्लेबाजी दूसरी पारी में बेहद खराब रही और टीम दूसरे ही सत्र में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के छह बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। भारतीय टीम के बल्लेबाज पूरे समय संघर्ष करते नजर आए और पूरे दो सत्र भी बल्लेबाजी नहीं कर सके।

**2010 के बाद द. अफ्रीका ने जीता टेस्ट-**

दक्षिण अफ्रीका के लिए इस टेस्ट मैच में जीत हासिल करना विशेष है। उसने इस मैच से पहले आखिरी बार भारतीय जमीन पर फरवरी 2010 में टेस्ट मैच जीता था। उस वक्त टीम ने भारत को पारी और छह रनों से हराया था। इसके बाद उसने भारत के खिलाफ भारत में आठ टेस्ट मैच खेले जिसमें से भारतीय टीम ने सात मैच जीते, जबकि एक ड्रॉ रहा। लेकिन बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने इस तिलिस्म को तोड़ा और 15 वर्षों का सूखा समाप्त करने में सफल रही।

**ईडन गार्डेंस में मुश्किल है चेज-**

ईडेन गार्डेंस में टेस्ट में लक्ष्य का पीछा करते हुए टीमें कम ही सफल होती हैं। ईडेन गार्डेंस में सबसे सफल लक्ष्य की बात करें तो 2004 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 117 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इसके बाद इस मैदान पर कभी 100 से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका है। भारत के पास इस मैच में इस मैदान पर टेस्ट मैच का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का मौका था, लेकिन टीम इसमें सफल नहीं हो सकी।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में पैठ बढ़ाने को तैयार फोर्स मोटर्स




**नई दिल्ली।** अपने साझा परिवहन समाधान के लिए जानी जाने वाली फोर्स मोटर्स वैश्विक बाजारों और रक्षा क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए कमर कस रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक प्रसन फिरोदिया के अनुसार, कंपनी ने भारत में लाभदायक वृद्धि के लिए विशेष क्षेत्रों को सीमित करके अपनी स्थिति मजबूत की है। पुणे स्थित यह वाहन विनिर्माता कंपनी पिछले दो तिमाहियों से कर्ज-मुक्त है। कंपनी ने डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने, उत्पादन सुविधाओं का आधुनिकीकरण और विस्तार करने, बिक्री के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और इलेक्ट्रिक उत्पादों को बाजार में उतारने के लिए तीन साल में लगभग 2,000 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय निर्धारित किया है।

### कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यटन के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाती है

कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन जैसे क्षेत्रों के लिए हल्के वाणिज्यिक वाहन और बहुउपयोगी वाहन मसल ट्रैवलर और अर्बनिया मंच सहित अन्य की श्रृंखला के साथ साझा परिवहन समाधानों को पूरा करने के अपने मुख्य कारोबार पर केंद्रित है। इसके अलावा, कंपनी रक्षा क्षेत्र में भी आक्रामक वृद्धि की उम्मीद कर रही है।

### ट्रैवलर खंड में 70 प्रतिशत से ज्यादा बाजार हिस्सेदारी

फिरोदिया ने कहा, ''अब ट्रैवलर खंड में हमारी बाजार हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। मोनोबस हो या ट्रैवलर या अर्बनिया, ये सभी मंच हमारे लिए बढ़ रहे हैं।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज – अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देंखे
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** नवजात शिशु एवं माँ की मालिश हेतु अनुभवी 35 से 50वर्ष महिला चाहिए। वेतन 15000 से 20000 भोजन मुफ्त छत्तीसगढ़ में तुरन्त आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 9244664654, 9109511248 **(39178)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़का, लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमित थ्रेड गोल बाजार बिलासपुर 91111 51750 **(39174)**

**आवश्यकता है-** ढाबा में काम करने के लिए वेटर, हेल्पर, तन्दूर मास्टर, कैप्टन की अतिशीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रायपुर रोड बिलासपुर 70009 42962, 9098976666 **(39173)**

**आवश्यकता है-** नवजात शिशु की देखभाल हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8109167378 **(39177)**

**आवश्यकता है-** सफाई हेतु दो लड़के, ऑफिस कार्य हेतु एक लड़का एवं काम वाली बाई चाहिए रहने खाने की सुविधा पता- माँ शारदा होम्स, रामा मैग्नेटो मॉल के सामने बिलासपुर 8988888542, 8839169907 **(39175)**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में काम करने हेतु लड़कों/ लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- धनवन्तरी मेडिको ट्रेडर्स मसानगंज बिलासपुर 98271 23009 **(39169)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस बॉय एवं सुपरवाइज़र की आवश्यकता। रहने और खाने की सुविधा सहित। सुपरवाइजर को इलेक्ट्रिक तथा बेसिक ज्ञान होना आवश्यक। मेहनती और जिम्मेदार व्यक्ति तुरन्त सम्पर्क करें-6264315731 **(39153)**

**आवश्यकता है-** सफाई कर्मचारी नियुक्ति : चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें- मो. 7225888800 **(6974)**

**आवश्यकता है-** प्रिंटिंग युनिट हेतु कोरल ड्रा डिजाइनर 2 पद, ऑफिस ब्वॉय 3 पद एवं बाईन्डर 2 पद की आवश्यकता है वेतन 10000 सम्पर्क करें- प्रिंट आइडिया, सुभाष काम्पलेम्स जरहाभाठा बिलासपुर 7999415807 **(39154)**

**आवश्यकता है-** सीए आफिस में ड्राइवर कम चपरासी योग्यता 10वी/12वीं, एवं कामर्स ग्रेजुएट ट्रेनी (टैली, GST जानकार) की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सीए दिनेश अग्रवाल, मेन रोड, विद्या नगर बिलासपुर 74409 69033, 7869354218 **(39168)**

**आवश्यकता है-** हाऊसकीपिंग स्टाफ-100 (गर्ल, ब्यॉय) नर्स-15, लेडिज गार्ड-10, वार्डब्यॉय-10, ऑफिस ब्यॉय-10 बिलासपुर अम्बिकापुर हेतु रहना फ्री ड्यूटी 8घंटे, वेतन 6000- 10000 पता- डीके एण्ड सन्स प्लेसमेन्ट सर्विसेस शंकर नगर बिलासपुर 8889823100 **(39144)**

**आवश्यकता है-** एक मिस्त्री एवं एक बाई खाना बनाने के लिए और एक बाई झाड़ू पोछा बर्तन धोने के लिए आवश्यकता है सम्पर्क करें- होटल राज दयालबंद, बिलासपुर **(39167)**

**आवश्यकता है-** विज्ञापन एजेन्सी में डिजाईनर (कोरल ड्रा), इलेक्ट्रीशियन, सुपरवाईजर, ड्राईवर एवं माउंटर कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी 15, ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 62645 50163, 7024728674 **(39165)**

**आवश्यकता है-** होटल के रेस्टोरेन्ट में कार्य करने हेतु अनुभवी जिम्मेदार कैप्टन की आवश्यकता हैं अनुभव 2 से 4वर्ष वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9977861508 **(39170)**

**आवश्यकता है-** यश सुपर बाजार में कम्प्यूटर आपरेटर (लड़का) सेल्स के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है अनुभवी सम्पर्क करें-रिंग रोड नम्बर 2, महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9981063081 **(39155)**

**आवश्यकता है-** शहर के प्रतिष्ठित रेस्टोरेन्ट मौसा जी रेस्टोरेंट के लिए 15-20 हाउस कीपिंग स्टाफ आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 8085757457 **(39148)**

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रूपए सम्पर्क करें- 9754293974 **(39150)**

**आवश्यकता है-** तिफरा के कंसट्रक्शन एण्ड प्रॉपर्टी कम्पनी के लिए 1 मेल साइड इंचार्ज, 1 फील्ड इंचार्ज एवं 1 फीमेल आफिस असिस्टेंट चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 79871 66040 **(39158)**

**आवश्यकता है-** रेडीमेड सूट, साड़ी शोरूम एवं जूता दुकान में अनुभवी सेल्समैन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, फोल्डर चाहिए वेतन योग्यतानुसार पता- प्रकाश डिजाइनर स्टूडियो श्रीराम मार्केट, 8319134866 फैमिली शू मॉल देवकीनन्दन चौक बिलासपुर 8839838695 **(39157)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर में घर के लिए एक शाकाहारी खाना बनाने वाली, एक चौकीदार, एक ड्राइवर चाहिए फैमिली वालो को प्राथमिकता, आवास फ्री, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- बृजेश अग्रवाल 7999360970, 9755096371 **(39162)**

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रीकल्स दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है रिपेरिंग साईड कार्य वायरिंग फिटिंग हेतु। रहने की सुविधा सम्पर्क करें- अरूण इलेक्ट्रीकल्स चंद्रा पार्क के सामने बृहस्पति बाजार बिलासपुर 7869102080 **(39163)**

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट में ऑफिस कार्य करने हेतु शिक्षित अनुशासित स्मार्ट युवक, युवती चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- राजकिशोर नगर सीपत रोड एवं आसमां सिटी के पास उस्लापुर बिलासपुर 8319734999 **(39149)**

**आवश्यकता है-** थोक दवाई दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सरस्वती एजेन्सीज 53, मेडिकल काम्प्लेक्स होटल अजीत के पीछे तेलीपारा बिलासपुर 9827177772 **(39161)**

**आवश्यकता है-** मित्तल फर्नीचर, अमेरी चौक बिलासपुर में लोकल में छोटा हाथी चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। टाइम सुबह 10बजे से रात 9बजे तक सैलरी 12000 सम्पर्क करें- 97528 55538 **(39142)**

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर लड़के की आवश्यकता हैं जिसे tally एवं busy software में कार्य का अनुभव हो वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- अनिश ऑटोमोबाइल्स लिंक रोड बिलासपुर 9399512699 **(39141)**

**आवश्यकता है-** पेन्ट, नल फिटिंग दुकान में कार्य करने के लिए युवक की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्री शिव शक्ति इन्टरप्राइजेज यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 79873 94386, 9340265565 **(39143)**

**आवश्यकता है-** ऑटोमोटिव बैटरी व टायर सेल्स हेतु सेल्समेन (लड़कों), टेलीकॉलर/ एकाउंटेंट (लड़की), ड्राइवर, बैटरी टेक्निशियन, वेतन-योग्यतानुसार (12000-20000) +इन्सेंटिव, संपर्क:- Singhania Enterprises, श्रीराम टॉवर के पास, व्यापार विहार बिलासपुर 7049016518, 7974811410 **(367)**

**आवश्यकता है-** सलोन में सफाई हेतु लड़का/लड़की चाहिए समय सुबह 11 से रात 8:30 तक वेतन योग्यता अनुसार पता Bellazio The Family Salon, H2/75 नर्मदा नगर बिलासपुर 88893 33941, 7987461602 **(39138)**

**आवश्यकता है-** छोटे बच्चे की देखभाल के लिए महिला या लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- पी.पुरी, मित्र विहार नारायण प्लाजा के पास, लिंक रोड बिलासपुर 93409 69592, 7828803577 **(39145)**

**आवश्यकता है-** हार्डवेयर एवं बोर्ड गोदाम में कार्य करने हेतु लेबर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- मोदी हार्डवेयर अग्रवाल मिट्टी तेल गोदाम, अल्ट्राटेक सीमेन्ट गोदाम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, तिफरा बिलासपुर 7415515151 **(39146)**

**आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 13000 सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000 कंप्यूटर ऑपरेटर 3, वेतन योग्यता अनुसार (आवास फ्री) सम्पर्क करें- Alert Sgs Private Limited, FF-6 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 77470 00019, 7747000016, 7746000016 **(348)**

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास- ग्रेजुएट लड़के _ लड़कियां( 24500_64500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड -बोनस।- 8053979338 **(1225)**

**आवश्यकता है-** स्टाफ नर्स बी.एससी नर्सिंग, जीएनएम और ओटी टेक्निशियन की आवश्यकता संपर्क करें अम्रुता हॉस्पिटल, टाटीबंध, रायपुर 7770003286 होस्टल उपलब्ध **(6572)**

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन -10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग के बाद कमाए 20-25 हजार नोट - नशेड़ी फ़ोन न करें मो. 9982589693, 88155 22974 **(513)**

## भवन निर्माण

**भवन निर्माण-** सिविल निर्माण परामर्श, पर्यवेक्षण, बिलिंग, अनुमान, परीक्षण एवं बिलिंग ऑडिट कार्य के लिए 28 वर्षों के अनुभव वाले सिविल इंजीनियर से सम्पर्क करें- 7587483116, 8777 73579 Email- ssm 2502 bridge@gmail **(39171)**

## बेचना

**बेचना है-** बिलासपुर गोल्डन पार्क छतौना रोड में हाईकोर्ट से लगा हुआ TNC Rera रजिस्टर्ड कालोनी में 35×52= 1820 वर्गफुट जमीन अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 91098 18177 **(39166)**

**बेचना है-** 2016 की टोयोटा इनोवा क्रिस्टा 2.4 V मैनुअल सेकेंड टॉप मॉडल केवल 90000 किमी चली हुई गाड़ी बहुत अच्छी रनिंग कंडीशन में बेचना है सम्पर्क करें- 77250 43140 **(39176)**

**बेचना है-** न्यू पिकनिक स्पॉट खोन्धरा, शांत, सुरक्षित, सबसे कम दाम शानदार भवन शादी, पार्टी पिकनिक स्कूल टूर बाटनिकल गार्डन हेतु सम्पर्क करें- सार्थक फार्म स्टे- रमेश 7587298733 **(39139)**

**बेचना है-** बिलासपुर न्यू बस स्टैण्ड तिफरा के समीप यदुनन्दन नगर में डबल स्टोरी 3BHK मकान लाल ईट से बना एवं 2400 वर्गफिट का tncp प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 7987166040 **(39159)**

**बेचना है-** जमीन जिले के भविष्य विकसित सीपत में निवेश करें आवासीय डायवर्टेड प्लाट, मकान, दुकान, कृषि भूमि की खरीदी बिक्री हेतु सीधे भूस्वामी से सम्पर्क करें। वाजिब रेट ईमानदारी का सौदा प्रॉपर्टी डीलर भी सम्पर्क करें। फाईनेन्स उपलब्ध राजू एण्ड इमरान प्रापर्टी नवाडीह भूपेन्द्र सम्पर्क- 8349566067 **(39140)**

## बेचना/किराया

**बेचना/किराया-** मुंगेली नाका बिलासपुर में सर्किट हाऊस के सामने प्रथम तल का 2BHK फ्लैट स्टूडेंट्स एवं बैंक कर्मचारी फैमिली को किराए से देना है/ बेचना है सम्पर्क करें- 9302078011, 7354046205 **(39160)**

## किराया

**किराया-** V R Plaza लिंक रोड में फर्स्ट फ्लोर पर 240/स्क्वायर फीट सेमी फर्निश्ड ऑफिस किराये से देना है रेंट 8,000 मो. 9893 130580 **(39147)**

## फायनेंस

**फायनेंस-** रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर (50,000/- से 25 लाख तक) (1% ब्याज वार्षिक) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्कः- 9311830460 **(366)**

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# स्मरण ने जड़ा शतक, नायर ने खेली 95 रन की पारी, चंडीगढ़ के खिलाफ कर्नाटक की मजबूत शुरुआत

एजेंसी ▶▶| हुबली

प्रतिभाशाली रविचंद्रन स्मरण के नाबाद शतक और करुण नायर के 95 रनों की बदौलत कर्नाटक ने एलीट ग्रुप बी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन चंडीगढ़ के खिलाफ पांच विकेट पर 298 रन का मजबूत स्कोर बनाया। दिन का खेल खत्म होते समय स्मरण (नाबाद 110) के साथ श्रेयस गोपाल (नाबाद 38) के साथ क्रीज पर मौजूद थे। पिछले मैच में केरल के खिलाफ नाबाद 220 रन बनाने के बाद स्मरण का यह लगातार दूसरा शतक है।

कर्नाटक 64 रन तक कप्तान मयंक अग्रवाल, केवी अनीश और केएल श्रीजीत के विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में था लेकिन स्मरण और नायर ने चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी के साथ टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। नायर (164 गेंद में 95 रन) भी शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को बाएं हाथ के स्पिनर तनप्रीत सिंह ने विकेट के सामने लपक लिया।

### महाराष्ट्र ने पंजाब के खिलाफ बनाए 275 रन

महाराष्ट्र ने ग्रुप के अन्य मैच में अर्शिन कुलकर्णी के शतक और पृथ्वी साव के 74 रन की पारी से मुल्लांपुर में पंजाब के खिलाफ पांच विकेट पर 275 रन बना लिए। प्रेरक मंकड (नाबाद 88), अर्पित वसावड़ा (81) और जय गोहिल (68) की अर्धशतकीय पारियों से सौराष्ट्र ने राजकोट में गोवा के खिलाफ चार विकेट पर 317 रन बना लिए। मध्यप्रदेश ने इंदौर में सारांश जैन और अरशद खान के तीन-तीन विकेटों की बदौलत केरल के 246 रन तक सात विकेट चटका दिए। केरल के लिए बाबा अपराजित 81 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है जबकि अभिजीत प्रवीन (60) और अभिषेक नायर (47) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।

रणजी ट्रॉफी



### बंगाल के खिलाफ असम ने बनाए 194 रन

कल्याणी। मध्यक्रम के बल्लेबाज स्वरूपम पुरकायस्थ के संयम से बनाए गए अर्धशतक और कप्तान सुमित घाडीगांवकर के नाबाद 48 रन के बावजूद असम की टीम ने रविवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन बंगाल के खिलाफ स्टंप तक आठ विकेट पर 194 रन बनाए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पुरकायस्थ ने 140 गेंद में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 62 रन बनाकर असम की पारी को संभाला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए प्रद्युन सैकिया (38) के साथ 53 रन और फिर घाडीगांवकर के साथ चौथे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर असम को 200 के करीब पहुंचाया।

### जम्मू-कश्मीर ने हैदराबाद पर कसा शिकंजा

जम्मू। जम्मू कश्मीर की टीम ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन रविवार को 170 रन पर आउट होने के बाद 88 रन तक हैदराबाद के छह विकेट चटकाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है। मैच के शुरुआती दिन 16 विकेट गिरे, जिसमें जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। स्टंप्स के समय हैदराबाद पहली पारी में जम्मू कश्मीर से अभी 82 रन पीछे है और उसके चार विकेट शेष है।

### छत्तीसगढ़ ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ बनाए 319 रन

छत्तीसगढ़ ने अमतार क्रिकेट मैदान में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तीन विकेट पर 319 रन बना लिए। अनुज तिवारी ने 162 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज आयुष पांडे ने 59 रन का योगदान दिया। संजीत देसाई 76 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप में दिवी ने जीता खिताब

तिरुवनंतपुरम। दस साल की दिवी बिजेश ने नौ से 16 नवंबर तक मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप 2025 में अंडर-12 बालिका वर्ग का खिताब जीता। दिवी के पिता बिजेश ने कहा कि इस खिलाड़ी ने नौ में से 8.5 अंक के स्कोर के साथ दबदबा बनाया। उनके अनुसार दिवी अंडर-10 की खिलाड़ी है, फिर भी उसने ऊंचे आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा करना चुना। राष्ट्रमंडल शतरंज चैंपियनशिप एक अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता है, जिसमें युवा और सीनियर स्तर के 13 वर्ग शामिल हैं, जिनमें राष्ट्रमंडल देशों के शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर्स भी भाग लेते हैं। 2025 में दिवी विश्व कप अंडर-10 बालिका चैंपियन, विश्व कैडेट रैपिड चैंपियन, विश्व कैडेट ब्लिट्ज वाइस चैंपियन और विश्व स्कूल शतरंज वाइस चैंपियन के रूप में उभरीं। कई अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य खिताबों सहित 75 से अधिक पदकों के साथ वह केरल की सबसे कम उम्र की महिला कैंडिडेट मास्टर और भारत की पहली अंडर-10 बालिक विश्व कप चैंपियन भी हैं।

### भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर अजीतेश



ताइपे। अजीतेश संधू ताइवान ग्लास ताइफोंग ओपन के चौथे और आखिरी दौर में 71 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 22वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे। एस चिक्कारंगप्पा (70) संयुक्त रूप से 24वें स्थान पर रहे। थाईलैंड के एकफारित वू ने अंतिम दौर में स्थानीय खिलाड़ी हंग चिएन-याओ को दो शॉट से हराकर अपने पदार्पण सत्र में एशियाई टूर पर अपना पहला खिताब जीता। 26 वर्षीय वू ने पार-72 कोर्स पर पांच अंडर-पार 67 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 20 अंडर का रहा। भारत के खालिन जोशी (71) संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे, जबकि विराज मदप्पा (72) संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर रहे। पुखराज सिंह गिल (72) संयुक्त रूप से 56वें स्थान पर रहे।

### थीगाला ने बनाया 71 का स्कोर, 39वें स्थान पर पहुंचे



साउथम्पटन। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर साहिथ थीगाला बटरफील्ड बरमूडा चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 39वें स्थान पर आ गए हैं। पहले दो दौर में 76 और 65 का कार्ड खेलने वाले थिगाला ने तीसरे दौर में तेज हवाओं के बीच 71 का स्कोर बनाया। अब उनका कुल स्कोर दो अंडर हो गया है। दूसरे दौर के बाद वह संयुक्त रूप से 46वें स्थान पर थे। इस बीच एडम शेंक ने बोगी रहित राउंड खेला और चार अंडर 67 का स्कोर बनाया, जिससे वह ब्रैडेन थॉर्नबेरी के साथ संयुक्त बढ़त पर आ गए।

### कोलकाता टेस्ट : दक्षिण अफ्रीका की भारतीय धरती पर 15 साल में पहली जीत

# लो स्कोर चेज नहीं कर पाई भारतीय टीम साउथ अफ्रीका ने बनाई 1–0 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कप्तान तेम्बा बावुमा के जुझारू अर्धशतक के बाद अनुभवी ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की ईडन गार्डस की खतरनाक पिच पर बलखाती गेंदों के जादू से दक्षिण अफ्रीका ने भारत को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में तीसरे दिन ही रविवार को 30 रन से हराकर भारतीय धरती पर 15 साल में अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के सामने 124 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम 35 ओवर में 93 रन पर आउट हो गई। इससे दक्षिण अफ्रीका ने दो मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली।

### बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे गिल

भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन में अकड़न के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे। गिल की अनुपस्थिति में केवल वाशिंगटन सुंदर (92 गेंद पर 31 रन) ही कुछ देर तक संघर्ष कर पाए। बाकी बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए अनुकूल विकेट से सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई, जिससे एक बार फिर से भारतीय टीम की टर्निंग पिचों पर कलई खुल गई। पिछले छह टेस्ट मैचों में यह भारत की घरेलू मैदान पर चौथी हार थी, जिसमें पिछले साल न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टर्निंग पिचों पर 0-3 से मिली हार भी शामिल है। रिकॉर्ड की बात करें तो यह दूसरा न्यूनतम लक्ष्य है, जिसको भारत हासिल करने में नाकाम रहा। इससे पहले वह वेस्टइंडीज के खिलाफ 1997 में ब्रिजटाउन में 120 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया था।



### भारत में पहली बार हुआ ऐसा कमाल

ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत में किसी भी टेस्ट मैच की चारों पारियों में 200 से भी कम स्कोर बनाए गए हों। इससे पहले भारत में ऐसा कभी नहीं हुआ था। ओवरऑल देखें तो कुल 12वीं बार ऐसा हुआ है, जब किसी टेस्ट मुकाबले की चारों पारियों में 200 से भी कम रन बने हों।

### 22 नवंबर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट

2 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गुवाहाटी के बरसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। 22 नवंबर से दूसरे टेस्ट मैच का आगाज होगा, जिसमें भारत की कोशिश जीत दर्ज करने की होगा ताकि सीरीज से 1-1 से बराबर की जा सके।

### अंकतालिका में टीम इंडिया को नुकसान

भारत को अंकतालिका में नुकसान उठाना पड़ा। कोलकाता टेस्ट में जीत के बाद साउथ अफ्रीका की टीम को तगड़ा फायदा हुआ और टॉप 2 में पहुंच गई। साउथ अफ्रीका से हार के साथ ही भारतीय टीम तीसरे स्थान से चौथे स्थान पर आ गई जबकि साउथ अफ्रीका की टीम चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं श्रीलंका की टीम तीसरे स्थान पर खिसक गई। इस मैच के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले स्थान पर ही बनी हुई है। वहीं पाकिस्तान की टीम अंकतालिका में 5वें स्थान पर बनी हुई है।

### कोलकाता टेस्ट में हार के कारण

### गंभीर की रणनीति पर सवाल

भारतीय बल्लेबाज जब स्पोर्टिंग विकेट पर अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इस तरह की टर्निंग पिच की क्या जरूरत है? गौतम गंभीर की कोचिंग में इस तरह की रणनीति के साथ भारत को मुंह की खानी पड़ी है। भारत को घरेलू सरजमीं पर पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भी गंभीर नहीं माने और साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक बार फिर टर्निंग पिच चुनकर औंधे मुंह गिरी।

### साई सुदर्शन बाहर

गौतम गंभीर का ऑलराउंडर के प्रति लगाव कमाल का है। कोलकाता टेस्ट में भारतीय टीम की प्लेइंग 11 चौंकाने वाली थी। कारण वही गंभीर का ऑलराउंडर प्रेम था। साई सुदर्शन को ड्रॉप करके वाशिंगटन सुंदर को नंबर 3 पर मौका दिया गया। टेस्ट मैच में 6 गेंदबाजी विकल्प के साथ उतरना काफी हैरानी भरा फैसला था।

### गिल की चोट

कप्तान शुभमन गिल के चोटिल होकर टेस्ट मैच से बाहर होना भारतीय टीम के लिए सबसे बड़ा झटका था। वह पहली पारी में भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। गर्दन में ऐंठन के कारण एक चौका लगाने के बाद ही पवेलियन लौट गए थे। अगर वह फिट होते तो संभवतः भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत होती।

### 21 साल बाद हुआ अनोखा कारनामा

दिलचस्प बात यह है कि इस टेस्ट में कुल मिलाकर 594 रन बने। यह भारत में किसी भी ऐसे टेस्ट मैच का सबसे कम संयुक्त स्कोर है, जिसमें चारों पारियों में परिणाम निकला हो। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2004 में वानखेड़े टेस्ट के नाम था, जिसमें कुल 604 रन बने थे। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए इस टेस्ट मैच का नतीजा तीसरे दिन ही आ गया था। भारत ने 13 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया था।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेलटन पगबाधा कुलदीप | 11 | 23 | 1 | 0 |
| मारक्रम का जुरेल बो जडेजा | 04 | 23 | 0 | 0 |
| मुल्डर का पंत बो जडेजा | 11 | 30 | 1 | 0 |
| तेम्बा बावुमा नाबाद | 55 | 136 | 4 | 0 |
| जोर्जी का जुरेल बो जडेजा | 02 | 2 | 0 | 0 |
| स्टब्स बो जडेजा | 05 | 18 | 0 | 0 |
| काइल वेरेने बो अक्षर | 09 | 16 | 1 | 0 |
| यानसन का राहुल बो कुलदीप | 13 | 16 | 0 | 1 |
| कोर्बिन बॉश बो बुमराह | 25 | 37 | 2 | 1 |
| हार्मर बो सिराज | 07 | 27 | 0 | 0 |
| महाराज पगबाधा बो सिराज | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 11
कुल योग: 54 ओवर में 153 रन
गेंदबाजी: जसप्रीत बुमराह 10-2-24-1, अक्षर पटेल 14-0-36-1, कुलदीप यादव 8-1-30-2, रवींद्र जडेजा 20-3-50-4, मोहम्मद सिराज 2-0-2-2

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेने बो यानसन | 00 | 4 | 0 | 0 |
| राहुल का वेरेने बो यानसन | 01 | 6 | 0 | 0 |
| सुंदर का हार्मर बो मारक्रम | 31 | 92 | 2 | 0 |
| जुरेल का बॉश बो हार्मर | 13 | 34 | 3 | 0 |
| पंत का एवं बो हार्मर | 02 | 13 | 0 | 0 |
| जडेजा पगबाधा बो हार्मर | 18 | 26 | 2 | 0 |
| अक्षर का बावुमा बो महाराज | 26 | 17 | 1 | 2 |
| यादव पगबाधा बो हार्मर | 01 | 13 | 0 | 0 |
| बुमराह नाबाद | 00 | 4 | 0 | 0 |
| सिराज का मारक्रम बो महाराज | 00 | 1 | 0 | 0 |

शुभमन गिल एब्सेंट हर्ट
अतिरिक्त : 01
कुल योग : 35 ओवर में 93 रन पर सभी आउट
गेंदबाजी : यानसन 7-3-15-2, हार्मर 14-4-21-4, महाराज 9-1-37-2, बॉश 2-0-14-0, मारक्रम 3-0-5-1

### पाकिस्तान ने भारत को हराया 8 विकेट से जीता मुकाबला



दोहा। कतर में खेले जा रहे राइजिंग एशिया कप में 16 नवंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला गया। भारत ने पिछले मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए यूएई को हराया था, जबकि पाकिस्तान ने अपने पहले मैच में ओमान को हराया था। भारत के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने शानदार जीत हासिल कर ली। एसीसी पुरुष एशिया कप राइजिंग स्टार्स में 16 नवंबर को भारत A और पाकिस्तान A के बीच महामुकाबला खेला गया। ये मैच कतर की राजधानी दोहा के वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट का पहला मुकाबला 14 नवंबर को यूएई के खिलाफ खेला था। इस मैच में भारत ने 148 रनों से शानदार जीत हासिल की थी। वहीं पाकिस्तान ने अपना पहला मुकाबला ओमान के खिलाफ खेला था और शानदार जीत हासिल की थी। ऐसे में दोनों टीमें शानदार फॉर्म में हैं।

पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम 136 रनों पर सिमट गई। इस मैच में भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन वैभव सूर्यवंशी ने बनाए। उन्होंने 28 गेंदों में 45 रनों की पारी खेली, जबकि नमन धीर ने 35 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज भारत के लिए खासा प्रभावित नहीं कर सका। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान ने 8 विकेट से जीत हासिल की। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 13.2 ओवर में ही 137/2 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पाकिस्तान की ओर से माज सदाकत ने 47 गेंदों में 79 रन बनाए। जबकि मोहम्मद नईम ने 10 गेंदों में 14 रन बनाए। इसके अलावा मोहम्मद फैक ने 14 गेंदों में 16 रन बनाए। इस तरह पाकिस्तान ने 8 विकेट से जीत हासिल कर ली।

### विश्व कप क्वालीफाइंग

# स्पेन का शानदार प्रदर्शन जॉर्जिया को 4-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

मिकेल ओयारजाबल के दो गोल की मदद से स्पेन ने विश्व कप क्वालीफाइंग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जॉर्जिया को 4-0 से हराकर अगले साल होने वाली फुटबॉल प्रतियोगिता में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। स्पेन की टीम ने ग्रुप चरण में पांच मैच में जीत हासिल की है। उसने अब तक 19 गोल किए हैं और उसके खिलाफ एक भी गोल नहीं हुआ है। यूरोपीय चैंपियन मंगलवार को अपने अंतिम क्वालीफायर में तुर्किए से भिड़ेगा। स्पेन ग्रुप ई में तुर्किए से तीन अंक आगे है, जिसने बुल्गारिया को 2-0 से हराया था।

### कजाकिस्तान ने बेल्जियम को ड्रॉ पर रोका

यूरोपीय क्वालीफिकेशन के 12 ग्रुप विजेता सीधे विश्व कप में प्रवेश करेंगे। फ्रांस, इंग्लैंड और क्रोएशिया अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान पक्का करके विश्व कप में जगह बना चुके हैं। इस बीच बेल्जियम का इंतजार बढ़ गया। कजाकिस्तान ने बेल्जियम को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। बेल्जियम ग्रुप जे में उत्तरी मैसेडोनिया से दो अंक आगे शीर्ष पर है। ग्रुप जे में ही जॉर्डन जेम्स के गोल की मदद से वेल्स ने लिचटेंस्टीन पर 1-0 से जीत हासिल की। यूनान ने ग्रुप सी में स्कॉटलैंड को 3-2 से हराया, जबकि डेनमार्क ने बेलारूस के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला। स्वीडन को 4-1 से हराकर स्विट्जरलैंड ग्रुप बी में शीर्ष पर बना हुआ है।

### बेइटन कप



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती हॉकी स्टेडियम में भारतीय सेना एकादश और भारतीय वायु सेना के बीच 126वें बेइटन कप के फाइनल हॉकी मैच के दौरान लाल रंग की पोशाक में भारतीय सेना एकादश और भारतीय वायु सेना के खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करते हुए।

### हर्षित राणा ने साउथ अफ्रीक ए को किया नेस्तनाबूद, 5 ओवर में मचाई धमाचौकड़ी

राजकोट। तेज गेंदबाज हर्षित राणा को हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया। वे अभी इंडिया ए की ओर से साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ खेल रहे हैं। हर्षित राणा ने तीन मैच की वनडे सीरीज के लगातार दूसरे मुकाबले में कमाल किया। राजकोट में खेले गए मुकाबले में उन्होंने तीन अहम विकेट लिए और मेहमान टीम को 132 रन पर ढेर करने में अहम भूमिका निभाई। उनके अलावा बाएं हाथ के फिरकी बॉलर निशांत सिंधु ने चार शिकार किए।

हर्षित को चौथे गेंदबाज के रूप में बॉलिंग करने का मौका मिला। उन्होंने ही भारतीय टीम को पहली कामयाबी दिलाई और लुहान ड्रे



प्रीटोरियस (21) को आउट किया। फिर जॉर्डन हरमन (4) को रवाना किया। अगले ओवर में साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान मार्कस एकरमैन (7) को विकेट के पीछे इशान किशन के हाथों कैच कराया। इन तीन विकेटों ने मेहमान टीम की लय को तोड़ दिया। एक समय टीम का स्कोर बिना नुकसान के 39 और फिर दो विकेट पर 66 रन था।

### बधिर ओलंपिकः मोहम्मद मुर्तजा ने 250.1 अंक के साथ जीता रजत

# एयर राइफल में धनुष ने गोल्ड पर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निशानेबाज धनुष श्रीकांत ने टोकिया में डेफलिम्पिक्स (बधिर ओलंपिक) में पुरुषों की एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ भारत के लिए खाता खोला। 23 वर्षीय श्रीकांत ने 2022 में ब्राजील में 19 साल की उम्र में बधिर ओलंपिक में पदार्पण किया था और दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 252.2 का फाइनल विश्व रिकॉर्ड बनाया और शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया।

हमवतन मोहम्मद मुर्तजा वानिया ने फाइनल में 250.1 अंक से रजत जबकि दक्षिण कोरिया के बाएक सेउंगक ने 223.6 अंक से कांस्य पदक जीता। फाइनल में धनुष ने बधिर ओलंपिक और बधिर ओलंपिक फाइनल विश्व



रिकॉर्ड दोनों को तोड़ते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल बधिर ओलंपिक में दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 2022 में उन्होंने व्यक्तिगत और मिश्रित टीम दोनों में स्वर्ण पदक जीते थे। धनुष सोमवार को 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में माहित संधू के साथ जोड़ी बनाकर अपने करियर का चौथा स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रखेंगे।

### महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में माहित ने जीता सिल्वर

20 वर्षीय माहित संधू ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में 250.5 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। हमवतन कोमल वाघमारे (228.3) ने कांस्य पदक जीता जबकि यूक्रेन की लिडकोवा वायलेटा ने 252.4 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। संधू ने 623.4 अंकों के साथ आठ निशानेबाजों के फाइनल के लिए दूसरे स्थान पर क्वालीफाई किया जबकि वाघमारे (622.0) तीसरे स्थान पर रहीं थीं। बधिर निशानेबाज राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सामान्य एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी रैंकिंग के आधार पर राष्ट्रीय शिविरों और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए भी चुने जाते हैं।





## रोचक खबरें

## बौने शेर की क्यूटनेस ऐसी कि जिसने भी देखा, प्यार हो गया



**बीजिंग।** सोशल मीडिया की दुनिया में इन दिनों एक ऐसा शेर छाया हुआ है, जिसकी क्यूटनेस देखकर लोग दीवाने हो रहे हैं। यहां बात हो रही है 'कॉर्गी' नाम के एक अफ्रीकी शेर की, जो चीन के जियांग्सू प्रांत के जुझोउ स्थित जिउडिंगशान वाइल्डलाइफ जू में रहता है। चिड़ियाघर के स्टाफ ने इसका नाम कुत्तों की मशहूर नस्ल 'कॉर्गी' पर रखा है, क्योंकि इस अफ्रीकी शेर के पैर असामान्य रूप से छोटे हैं। स्टाफ के अनुसार, यह एक जन्मजात विशेषता है और इससे शेर के स्वास्थ्य पर कोई असर नहीं पड़ता। वायरल हो रहे वीडियो में यह बौना शेर एक गेंद के साथ ऐसे खेलता दिख रहा है, मानो कोई प्यारा पालतू डॉगी हो। 'कॉर्गी' शेर का सौम्य स्वभाव इसे रखवालों का भी पसंदीदा बनाता है। लेकिन 'कॉर्गी'की क्यूटनेस के पीछे एक दर्दनाक कहानी भी है। केयरटेकर शियाओ कै ने बताया कि कॉर्गी को उसके छोटे आकार के कारण दुर्भाग्य से अन्य शेरों द्वारा परेशान किया जाता था। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने कॉर्गी को अपने अलग बाडे.में शिफ्ट किया है, जहां वह खूब मौज-मस्ती कर रहा है। जहां एक ओर कॉर्गी ने सोशल मीडिया पर लाखों दिलों को जीता है, वहीं दूसरी ओर वन्यजीव संरक्षण को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कॉर्गी जैसी आनुवंशिक असामान्यताएं अक्सर इन ब्रीडिंग का नतीजा होती हैं। ऐसा तब होता है, जब जानवरों का छोटे या खराब प्रबंधन वाले स्थानों पर प्रजनन कराया जाता है।

## बाघ का कॉस्ट्यूम पहनकर युवक पहुंच गया टाइगर्स के बीच



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने नेटिजन्स के रोंगटे खड़े कर दिए हैं। इसमें एक शख्स अपनी जान की परवाह किए बिना टाइगर का कॉस्ट्यूम पहनकर सीधे जंगल में खूंखार बाघों के झुंड के करीब चला जाता है। जैसे ही 'कॉस्ट्यूम वाला टाइगर'असली बाघों के इलाके में पहुंचता है, तो वे भी एक पल के लिए चौंक जाते हैं। बाघ अपने बीच आए इस अजीब 'घुसपैठिए' को हैरानी से देखते हैं। एक बाघ तो पास आकर, सूंघकर और छूकर टटोलने की भी कोशिश करता है कि आख़िर यह किस तरह का जानवर उनके बीच आ गया है। शख्स की हिम्मत की दाद देनी होगी, जो खूंखार शिकारियों को देखकर भी बिना डरे वहीं डटा रहा। लेकिन, कहते हैं न कि हर एक्शन का रिएक्शन होता है। अगले ही पल कुछ ऐसा होता है कि शख्स को उल्टे पांव वहां से दौड़ लगाना पड़ जाता है। जैसे ही शख्स भागना शुरू करता है, बाघ भी उसके पीछे दौड़ पड़ता है। हालांकि, कॉस्ट्यूम के कारण एक जैसा दिखने की वजह से बाघ अटैक करने से पहले काफी हिचकता है। वीडियो इसी रोमांचक मोड़ पर खत्म हो जाता है।

## २000 से ज्यादा मकड़ियों के साथ 5 साल तक रहा परिवार



**न्यूयार्क।** जरा सोचिए रात के सन्नाटे में आप चैन से सो रहे हैं और आपकी दीवारों के पीछे, फर्श के नीचे और फर्नीचर के अंदर हजारों जहरीली मकड़ियां रेंग रही हैं। यह किसी हॉरर फिल्म का सीन नहीं, बल्कि असली जिंदगी की घटना है! अमेरिका में एक परिवार ने पांच साल तक अनजाने में ऐसी ही 'खामोश पड़ोसी' मकड़ियों के साथ जिंदगी गुजारी और हैरानी की बात तो ये थी कि किसी को कुछ हुआ भी नहीं! दरअसल, अमेरिका के इस परिवार के घर में कुल 2,055 ब्राउन रिक्लूस नाम की मकड़ियां निकलीं, जिनमें से करीब 400 मकड़ियां ज़हरीली थीं। ये मकड़ियां उन खतरनाक प्रजातियों में गिनी जाती हैं, जिनका जहर इंसान के शरीर में फफोले और सूजन तक पैदा कर सकता है। शुरुआत में परिवार ने बस कभी-कभी मकड़ियों को घर के कोनों में देखा था, लेकिन उन्होंने इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्हें लगा कि ये सामान्य कीड़े-मकोड़े हैं। लेकिन, जब पांच साल बाद मकड़ियों की संख्या बढ़ती चली गई, तब उन्होंने समझा कि कुछ तो गड़बड़ है। परिवार को जब लगा की कुछ गड़बड़ है तो उन्होंने पेस्ट कंट्रोल टीम को बुलाया। जब जांच शुरू हुई, तो पूरा स्टाफ हैरान रह गया।

घर के हर कोने, दरार, फर्नीचर और दीवारों के पीछे सैकड़ों मकड़ियां छिपी हुई थीं। छह महीने की जांच और सफाई के बाद टीम ने कुल 2,055 मकड़ियां पकड़ीं। इनमें से ज़्यादातर छोटी थीं, यानी वो शायद अभी पूरी तरह विकसित नहीं हुई थीं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, ब्राउन रिक्लूस मकड़ियां तब तक जहरीली नहीं होतीं, जब तक उनका शरीर लगभग 5 मिलीमीटर तक नहीं बढ़ जाता।

# वैज्ञानिकों की 11 साल की मेहनत लाई रंग, मैक-10 की स्पीड पर उड़ेंगे विमान!

हाइपरसोनिक उड़ान एक दिन लंबी दूरी की यात्रा को एक छोटी फिल्म जितनी तेज बना देगी। शोधकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि अत्यधिक गति पर हवा की हलचल कैसा व्यवहार करती है। यह इन विमानों के डिजाइन में एक बड़ी मुश्किल है।



**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने पाया कि मैक-6 पर अशांति का व्यवहार असंपीड्य प्रवाह के काफी करीब है, और यह खोज हाइपरसोनिक उड़ान को संभव बनाने में मदद करेगी, जिससे विमान मैक-10 की गति से उड़ान भर सकेंगे। उनके लेजर-आधारित क्रिप्टन प्रयोगों से पता चला है कि मैक-6 की गति पर हवा की यह अशांति उम्मीद से कहीं अधिक धीमी गति से चलने वाली हवा की तरह व्यवहार करती है।

**1 घंटे में दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को?**

अगर हाइपरसोनिक उड़ान सफल हो जाती है तो यह अंतरराष्ट्रीय यात्रा को पूरी तरह से बदल देगी। जिस यात्रा में पूरा दिन लगता है, वह एक छोटी फिल्म जितनी ही तेज हो जाएगी। कल्पना कीजिए की आप किसी दिन दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को सिर्फ 1 घंटे में जा सकें। प्रोफेसर निकोलस पार्जियाले का मानना है कि, इससे यात्रा तेज और आरामदायक हो जाएगी। एक घंटे में इतना लंबा सफर असंभव सा लगता है, लेकिन यह तकनीक ज्यादा दूर नहीं है। कुछ सैन्य विमान पहले से ही मैक 2 या मैक 3 की गति से उड़ते हैं जो साउंड की रफ्तार से तीन गुना है। हालांकि, दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को के लिए मैक-10 तक पहुंचना होगा। इस स्पीड पर असाधारण अशांति और हाई गर्मी ही मुख्य रुरावटें हैं।

### क्या यह आसान है?

कम स्पीड पर हवा का घनत्व लगभग समान रहता है जिससे विमानों का डिजाइन आसान होता है। जब विमान साउंड की स्पीड से तेज उड़ता है तो हवा का प्रवाह संपीड्य हो जाता है। आइए जानते हैं कि ऐसा क्यों होता है।

### ऐसा क्यों होता है?

प्रोफेसर निकोलस पार्जियाले बताते हैं कि, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि गैस दब सकती है। जह हवा संपीड़ित होती है को दबाव और तापमान में बदलाव के कारण डेंसिटी बदल जाती है। यह बदलाव विमान के उड़ान भरने, हवा में बन रहने और आगे बढ़ने जैसे जरूरी कारकों को प्रभावित करता है।

### क्या है क्रिप्टन प्रयोग?

प्रोफेसर पार्जियाले की टीम ने हाल ही में अपने शोध 'हाइपरसोनिक टर्बुलेंट क्वांटिटीज इन सपोर्ट ऑफ मोर्कोविन्स हाइपोथीसिस' में इस कल्पना का परीक्षण किया। उन्होंने 11 साल की मेहनत से बने एक प्रयोगिक सेटअप में क्रिप्टन गैस को एक पवन सुरंग में डाला और लेजर का इस्तेमाल करके चमकदार रेखना बनाई।

### क्या निकले नतीजे?

उन्होंने पाया कि, मैक-6 पर अशांति का व्यवहार असंपीड्य प्रवाह के काफी करीब है। यह खोज इंजीनियर्स के काम को आसान कर देगी। पार्जियाले बताते हैं कि मोर्कोविन का परिकल्पना उन्हें धारणाएं बनाने की परमिशन बताती है जिससे हाइपरसोनिक विमानों को डिजाइन करने के लिए जरूरी कम्प्यूटेशनल मांगें बन सकें। यह तकनीक ना केवल धरती, बल्कि भविष्य में रॉकेट लॉन्च करने के बजाय विमानों को अंतरिक्ष में उडाकर धरती की निचली कक्षा तक परिवहन में क्रांति ला सकता है।

# पानी के नीचे 29 मिनट 3 सेकंड तक रोकी सांस...क्रोएशियाई गोताखोर ने तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड



**ज़ाग्रेब।** जरा सोचिए, आप पानी के अंदर 29 मिनट से भी ज्यादा समय तक सांस रोककर बैठे हैं। क्रोएशिया के 40 साल के फ्रीडाइवर विटोमिर मारिसिक ने ये कारनामा कर दिखाया है। वह पानी में पूरे 29 मिनट और 3 सेकंड तक सांस रोककर बैठे रहे। उन्होंने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तोड़ दिया। वह एक छोटे पूल में चेहरा नीचे करके लेटे हुए थे और ऊपर उनके डॉक्टर और दोस्त चिंता में घिरे हुए थे। मारिसिक ने बताया कि, यह उनकी जिंदगी का सबसे कठिन पल था और दर्द इतना ज्यादा था कि बीच में हार मानने का मन था लेकिन हिम्मत नहीं हारी।


**कैसी थी विटोमिर की तैयारी :** कोशिश शुरू करने से पहले मारिसिक ने 10 मिनट तक शुद्ध ऑक्सीजन सांस ली। इससे उनके खून में ज्यादा ऑक्सीजन भर गई। फिर वह पूल में उतरे, चेहरा नीचे किया और बिना हिले-डुले लेटे रहे। रिकॉर्ड बनाने के दौरान उनके शरीर में सैंकड़ों बार झटके दिए, जैसे वह दर्द से तड़प रहा हो। मारिसिक ने बताया कि सब कुछ बहुत मुश्किल लग रहा था और वह पूरी तरह से अलग महसूस कर रहे थे जैसे वह खुद वहां मौजूद ही ना हों।

**वहां कौन-कौन मौजूद था :** वहां पर हाइपरबैरिक मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉक्टर इगोर बार्कोविच मौजूद थे। डॉक्टर बार्कोविच कहते हैं कि, यह रिकॉर्ड आधुनिक चिकित्सा के लिए नया है। उनका कहना है कि, हमें नहीं पता था कि इंसा इतने समय तक ऑक्सीजन के बिना रह सकता है। वह मानते हैं कि रिकॉर्ड मरीजों के लिए नई उम्मीदों को खोल सकता है जैसे की सांस की बीमारियों के लिए. रिकॉर्ड के बाद मारिसिक के पेट से थोड़ा खून आया और सिरदर्द हुआ, लेकिन वह जल्दी ठीक हो गए।

### क्या होती है फ्रीडाइविंग?

फ्रीडाइविंग का मतलब है बिना सांस लेने वाला उपकरणों के गहरे पानी में उतरना। कोशिश करने से पहले शुद्ध ऑक्सीजन लेना हाइपरॉक्सिया कहलाता है जो खून को ऑक्सजीन से भर देता है। इसके बाद पानी में उतरते ही दबाव बढ़ता है और सांस लेना मुश्किल हो जाता है और ऐसे में शरीर में एक खास प्रक्रिया शुरू करता है, जिसे मैमलियन डाइविंग रिफ्लेक्स कहते हैं। इस दौरान दिल धीमा हो जाता है और खून ऑक्सीजन को बचाना शुरू कर देता है।

# नेचर का सुपर सॉलिड शो...



## नासा के एस्ट्रोनॉट ने स्पेस से दुनिया को दिखाई हैरतअंगेज हरी रोशनी

**वॉशिंगटन।** नासा के एस्ट्रोनॉट जॉनी किम की तरफ से अंतरिक्ष में दिखाई दे रही नॉर्दर्न लाइट का एक अद्भुत वीडियो शेयर किया है। जिसमें कनाडा कैलगरी रीजन में लगी आग भी दिखाई दे रही है। एस्ट्रोनॉट जॉनी किम के इस वीडियो को अंतरराष्ट्रीय स्पेस सेंटर आईएसएस ने भी इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। जॉनी किम को नासा ने 2017 में उनकी नौसेना एविएटर और फ्लाइट सर्जन की प्रतिभा को देखते हुए मिशन के लिए चुना था।

### क्यों दिखी नॉर्दर्न लाइट?

जॉनी किम ने पूर्व नौसेना सील के तौर पर 100 से ज्यादा लड़ाकू ऑपरेशन को पूरा किया है। जिसके बाद किम ने 2020 में आईएसएस ऑपरेशन में कैप्सूल कम्युनिकेटर के तौर पर ह्यूस्टन के मिशन कंट्रोल सेंटर और अस्ट्रोनोट जांच विभाग में काम करना शुरू किया था। नोआआ के स्पेस मौसम विभाग सेंटर की तरफ से हाल ही में जी4 तूफान के 12 नवंबर को तेज होने की घोषणा की थी। जिसके चलते तेज सौर तूफान धरती के चुंबकीय क्षेत्र से टकराने पर उत्तरी नॉर्दर्न लाइट और साउथ लाइट का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है।

### यूजर्स ने किया धन्यवाद

दरअसल, हरे और लाल बैंगनी जैसे चटक रंगों वाली लाइट तब दिखाई देती है जब इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन सौर वायु से निकलकर धरती के चुंबकीय सतह और वायुमंडल के साथ घर्षण करते हैं। जिससे इस तरह की लाइट अंतरिक्ष से दिखाई देती हैं। जॉनी किम के इंस्टाग्राम पर शेयर किए वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स ने खूब पसंद करते हुए वीडियो साझा करने के लिए धन्यवाद भी किया है। कुछ यूजर्स ने लिखा कि उत्तरी लाइट को धरती से देखना अलग बात है, लेकिन अंतरिक्ष से देखना बहुत अद्भुत है। वहीं, एक यूजर ने उत्तरी लाइट सबसे अच्छी चीजों में से एक है जो मैंने सिर्फ ऑनलाइन देखी है। जॉनी किम के शेयर किए गए वीडियो पर एक अन्य यूजर ने इस शानदार सुंदरता को शेयर करने के लिए धन्यवाद किया है।

## किर्गिस्तान में झील के तट पर अटलांटिस जैसे शहर की खोज, इस्लामी रिवाजों के मिले लिंक

**बिश्केक।** रूसी विज्ञान अकादमी के पुरातत्वविदों ने किर्गिस्तान की इस्सिक कुल झील के नीचे 15वीं शताब्दी के विनाशकारी भूकंप में नष्ट हुए एक डूबे हुए शहर के निशान खोज निकाले हैं। यह दुनिया की आठवीं सबसे गहरी झील है, जिससे यह कमाल की खोज हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, झील के उत्तर-पश्चिमी बिंदु के पास बाढ़ग्रस्त तोरु-अयगीर परिसर में स्थित इस शहर को खोजकर्ताओं ने खुदाई के दौरान ढूंढ़ निकाला है । एक्सपर्ट ने झील के तटरेखा के आसपास 3 से 13 फीट की उथली गहराई पर चार पानी के नीचे के क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया है। यहां उनको यह प्राचीन शहर मिला है।

### खोज में क्या-क्या मिला

एक्सपर्ट को खुदाई स्थल से रोजमर्रा की चीजों का बड़ ढ़ेर मिला है। यह किसी समय के संपन्न महानगर या बड़े व्यावसायिक समूह को दिखाता है। खोज में पकी हुई ईंटों से बनी कई संरचना मिली है। इसमें एक चक्की का पाट भी है, जिसका इस्तेमाल अनाज को कुचलने और पीसने के लिए किया जाता था। इसके अलावा धंसी हुई पत्थर की संरचनाएं और लकड़ी के बीम हैं। पुरातत्वविदों का मानना है कि एक क्षेत्र में उन्हें एक सार्वजनिक इमारत भी मिली है, जो कोई मस्जिद, स्नानागार या स्कूल की बिल्डिंग रही होगी। तीन अन्य क्षेत्रों में कब्रिस्तान के अवशेष मिले हैं। यह विशाल कब्रिस्तान किसी प्राचीन शहर से संबंधित होता है। यहां गोल और आयताकार आकार की मिट्टी की ईंटों से बनी संरचनाएं भी मिली हैं।

### इस्लामी रीति रिवाज दिखे

खुदाई मे दफनाने के स्थान भी मिले हैं, जिनसे पारंपरिक इस्लामी रीति-रिवाजों के प्रमाण मिलते हैं। इनमें कंकाल उत्तर दिशा की ओर मुख किए हुए हैं। उनके चेहरे किबला की ओर हैं, जिस दिशा में मुसलमान नमाज के दौरान मुंह करके बैठते हैं। रूसी भौगोलिक सोसायटी ने कहा कि यह सब इस बात की पुष्टि करता है कि यहां कभी एक प्राचीन शहर हुआ करता था। लुप्त तोरु-अयगीर बस्ती ऐतिहासिक संस्कृति को गति देने वाले रेशम मार्ग के बड़े हिस्से पर स्थित थी। यहां व्यापारी दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से 15वीं शताब्दी के मध्य तक चीन और भूमध्य सागर के बीच रेशम, मसालों और धातुओं का व्यापार करते थे। यह परिसर कभी फलता-फूलता था लेकिन 15वीं शताब्दी की शुरुआत में एक भयानक भूकंप से नष्ट हो गया। कोलचेंको और उनके सहयोगियों का मानना है कि प्राकृतिक आपदा से पहले निवासियों ने इस क्षेत्र को छोड़ दिया था। कुछ समय बाद खानाबदोश लोगों ने यहां रहना शुरू किया। आज इस झील के किनारे छोटे-छोटे गांव बसे हुए हैं। कोलचेंको और उनकी टीम ने कलाकृतियों को विश्लेषण के लिए भेजा है।

## अर्श से फर्श पर : हाथ से गई नौकरी तो जीवनसाथी ने छोड़ा साथ

**बीजिंग।** चीन की एक कहानी इन दिनों इंटरनेट पर खूब चर्चा में है। एक व्यक्ति ने बताया कि किस तरह अच्छी नौकरी खोने के बाद उसकी शादी धीरे-धीरे टूट गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, एक समय आराम से चल रही, उसकी ज़िंदगी अचानक उलट गई और आर्थिक संकट ने उसके रिश्ते पर बड़ी चोट की। 43 वर्षीय कियानकियान ने झेजियांग यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की थी। कुछ साल पहले तक वह हांगझोउ की एक सरकारी कंपनी में सफेदपोश नौकरी करते थे। उनकी मासिक आय लगभग 50,000 युआन थी, जो चीन के कई बड़े शहरों में भी काफी अच्छी मानी जाती है। दक्षिण चीन मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, उनकी जिंदगी काफी स्थिर और सुविधाजनक थी। करीब 5 साल पहले बिना किसी स्पष्ट वजह के उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया। अचानक आय रुक जाने के बाद वे लंबे समय तक संघर्ष करते रहे। नई नौकरी नहीं मिली, और आखिरकार उन्होंने खाने-पीने की डिलीवरी करने का काम शुरू किया।

## तेल भराते समय इन बातों का रखें ध्यान, ऐसे की जाती है ठगी, पेट्रोल पंप वाले ने खुद बताए आसान तरीके

**नई दिल्ली।** माना जाता है कि पेट्रोल पंप का मीटर '0' यानी शून्य से शुरू हो जाए तो वाहन चालक के साथ किसी तरह की धोखाधड़ी नहीं होगी, लेकिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने इस भरोसे को हिलाकर रख दिया है। वीडियो में एक पेट्रोल पंप कर्मचारी खुद बता रहा है कि मीटर '0' होने के बाद भी ग्राहकों को बेवकूफ बनाया जा सकता है और कई जगह यही हो भी रहा है। वीडियो में कर्मचारी दिखाता है कि कई पंपों पर '0' दिखाने के तुरंत बाद मीटर सीधे 5 पर पहुंच जाता है, तो वहीं उस समय तक असल में फ्यूल फ्लो शुरू भी नहीं होता। ऐसे में ग्राहकों को शुरुआत के कुछ मिलीलीटर ईंधन का सही हिसाब नहीं मिल पाता है और उसे बिना जाने नुकसान होता है। ऐसा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे देखने के बाद पेट्रोल भरवाते समय ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com